हरिभूमि

जबलपुर
गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

Jio

धन्यवाद, भारत!
जियो आपने बनाया।

आपके भरोसे से बना देश का सबसे बड़ा शेयरधारक परिवार।
79.62 लाख शेयरधारक।

लिस्टिंग के पहले ही दिन, मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बाद
देश की **दूसरी सबसे बड़ी कंपनी** बनी जियो।

यह आपके भरोसे की जीत है। यह डिजिटल भारत के बढ़ते कदमों की पहचान है।



आकाश, ईशा और अनंत अंबानी

बेंजामिन गठबंधन 53 और विपक्ष 48 सीटों पर आगे

इजराइल चुनाव: नेतन्याहू व आइजनकोट गठबंधन में कड़ी टक्कर, 5 सीटों का अंतर

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल में चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। अब तक 85.6% वोट गिने जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि गादी आइजनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को 48 सीटों पर आगे चल रहा है।

दोनों के बीच सिर्फ 5 सीटों का अंतर है। अरब पार्टियों की जॉइंट लिस्ट 12 और राअम 7 सीटों पर आगे हैं, दोनों को मिलाकर 19 सीटें हो रही हैं। जो इजराइल के चुनावी इतिहास में अरब पार्टियों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा। इससे पहले 2020 के चुनाव में इन पार्टियों ने 15 सीटें जीती थीं।

सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुमत से दूर

अरब पार्टियां 19 सीटों पर आगे, ये इतिहास में सर्वाधिक


लोकुड पार्टी के कार्यालय में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत


जीत से उत्साहित गादी आइजनकोट

नेतन्याहू पद छोड़ें: आइजनकोट

इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने और राजनीति से हटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया है और नेतन्याहू सरकार ने लोगों का भरोसा खो दिया है। आइजनकोट ने कहा कि वे सभी इजराइलियों की सेवा करने वाली सरकार बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों से भी सिर्फ देश और नागरिकों के हित में काम करने की अपील की। इजराइल के पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा है कि जनता ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता छोड़ने का साफ संदेश दे दिया है।

सरकार बनाने के लिए 42 दिन मिलेंगे

इजराइल में सरकार बनाने के लिए चुने गए नेता को शुरुआत में 28 दिन का समय मिलता है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति इसे 14 दिन और बढ़ा सकते हैं। यानी सरकार बनाने के लिए कुल 42 दिन मिल सकते हैं। इस दौरान नेता को दूसरी पार्टियों से बातचीत कर समर्थन जुटाना होता है। इसके लिए पार्टियों के बीच नीतियों और मंत्रिपदों को लेकर समझौते हो सकते हैं। सरकार बनाने के लिए आम तौर पर संसद में 61 सीटों का समर्थन जरूरी होता है। अगर नेता 61 सीटों का समर्थन नहीं जुटा पाता, तो वह छोटी पार्टियों के सहयोग से अल्पमत सरकार बनाने या दो नेताओं के बीच बारी-बारी से पीएम बनने का समझौता करने की कोशिश भी कर सकता है।

अरब पार्टी गठबंधन 'किंग मेकर'

इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए 61 सीटें जरूरी हैं। अभी नेतन्याहू और विपक्ष, दोनों बहुमत से दूर हैं। ऐसे में अरब पार्टियों का समर्थन सरकार बनाने में अहम हो सकता है। चुनाव से पहले सर्वे में नेतन्याहू की हार का अनुमान लगाया गया था, लेकिन अब तक की गिनती में मुकाबला कड़ा बना हुआ है।

नई सरकार के लिए सभी दल बातचीत करें: राष्ट्रपति

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सभी राजनीतिक दलों से नई सरकार बनाने के लिए बातचीत करने और दोबारा चुनाव से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को खुले मन से चर्चा करनी चाहिए। चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत नहीं है। हर्जोग ने कहा कि अगले हफ्ते चुनाव के आधिकारिक नतीजे मिलने के बाद वे संसद में सभी दलों से बातचीत शुरू करेंगे। इजराइल में गादी आइजनकोट के नेतृत्व वाला विपक्षी खेमा संसद अध्यक्ष अमीर ओहाना को पद से हटाने की तैयारी कर रहा है।


इसाक हर्जोक वोट डालते हुए

खबर संक्षेप

गूगल और एप्पल पर 4.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना

सियोल। दक्षिण कोरिया के प्रसारण एवं दूरसंचार नियामक ने गूगल और एप्पल पर कुल 6370 करोड़ वॉन (करीब 4.5 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाने का फैसला किया। दोनों कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों के जरिए ऐप डेवलपरों के भुगतान विकल्पों को सीमित किया। आयोग ने दूरसंचार व्यवसाय अधिनियम के उल्लंघन के मामले में गूगल पर 4290 करोड़ वॉन और एप्पल पर 2081 करोड़ वॉन का जुर्माना लगाने को मंजूरी दी है। आयोग ने कहा कि दोनों कंपनियों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज नहीं की जाएगी।



अमेरिकी सेना का नाव पर हमला, 5 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में ड्रग्स की तस्करी के संदेह में एक नाव पर हमला किया। इस कार्रवाई में 5 लोगों की मौत हो गई। ट्रंप प्रशासन लैटिन अमेरिका में कथित ड्रग्स तस्करों के खिलाफ लगातार सैन्य अभियान चला रहा है। अमेरिकी सेना के दक्षिणी कमान ने कहा कि यह नाव तस्करी के पहचाने गए मार्ग पर चल रही थी। खुफिया जानकारी के अनुसार, नाव मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थी। हालांकि, सेना ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया कि नाव में ड्रग्स ले जाए जा रहे थे।



राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ की मुलाकात, रक्षा सहयोग की समीक्षा की

रक्षा तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने भारत-अमेरिका के 10 वर्षीय रक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ उनकी बैठक बेहद अच्छी रही। इस ढांचे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है

भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को नई गति देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से एक अहम वार्ता की है। यहां भारत और अमेरिका ने रक्षा तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को फिलीपींस के सेबू में 13वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) से इतर अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ यह मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका के 10 वर्षीय रक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ उनकी बैठक बेहद अच्छी रही। दोनों पक्षों ने 10 वर्षीय भारत-अमेरिका रक्षा ढांचे के तहत अब तक हुई प्रगति पर चर्चा की। इस ढांचे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और रक्षा उपकरणों के संयुक्त उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक तालमेल बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देशों की रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने का रास्ता खुलता है।

दोनों देश सुरक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध


अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और राजनाथ सिंह

कई देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

बता दें, बैठक से इतर राजनाथ सिंह फिलीपींस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, वियतनाम और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। इन बैठकों में भारत के मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की जाएगी और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के अवसरों पर विचार होगा। एडीएमएम-प्लस क्षेत्रीय देशों और संवाद साझेदारों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर चर्चा का एक प्रमुख मंच है। इसमें भारत की भागीदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और साझा सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के उसके प्रयासों का हिस्सा है। यह बैठक फिलीपींस के सेबू में 28 और 29 अक्टूबर को हो रही है। यहां आतंकवाद के खिलाफ सहयोग में भी भारत की अहम भूमिका रहेगी। भारत इस मंच पर केवल एक भागीदार देश के रूप में ही नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका की मजबूत साझेदारी स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा से जुड़े साझा उद्देश्यों का एक प्रमुख आधार है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को लेकर विभिन्न देशों के बीच बातचीत जारी है। भारत-अमेरिका ने अपने रक्षा संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और सैन्य तकनीक से लेकर संयुक्त उत्पादन तक सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। भारत अपनी एक्ट ईस्ट नीति के तहत आसियान की केंद्रीय भूमिका तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सामूहिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री की मुलाकात

वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री कोइजुमी शिंजिरो ने मुलाकात की। दोनों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने के नए रास्तों पर चर्चा की। राजनाथ सिंह ने कहा कि स्वतंत्र, खुले और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और जापान की साझा प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। 'एक्स' पर उन्होंने लिखा कि दोनों देशों के बीच जारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई और भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने के नए अवसरों पर सार्थक चर्चा हुई।


राजनाथ सिंह और कोइजुमी शिंजिरो

कोइजुमी शिंजिरो के बीच यह दूसरी बैठक: हाल के महीनों में राजनाथ सिंह और कोइजुमी शिंजिरो के बीच यह दूसरी बैठक है। इससे पहले अगस्त में जापान के रक्षा मंत्री भारत के आधिकारिक दौरे पर आए थे और राजनाथ सिंह के साथ बातचीत की थी। उस दौरान दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग में लगातार हो रही प्रगति का स्वागत किया था। इसमें दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों और सशस्त्र बलों के बीच सहयोग भी शामिल है।

मालदीव और पाक के बीच 20 समझौते हुए

विपक्ष ने चेताया- भारत को लगा खतरा तो नतीजा भुगतना पड़ेगा


मोहम्मद मुइज्जू और शहबाज शरीफ

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पाकिस्तान से बढ़ते रिश्तों पर देश में विरोध शुरू हो गया है। मुइज्जू 20 से 22 अक्टूबर तक पाकिस्तान के दौरे पर थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, रक्षा और समुद्री सुरक्षा समेत 20 समझौते हुए। इसे लेकर पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने चेतावनी दी है कि अगर भारत को अपनी सुरक्षा पर खतरा लगा, तो मालदीव को इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। मालदीव के विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने 25 अक्टूबर को अड्डू सिटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे की आलोचना की।

समझौतों पर हमारी नजर: भारत

मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे पर भारत ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत दोनों देशों के बीच हुए समझौतों पर करीब से नजर रख रहा है। भारत के लिए मालदीव रणनीतिक रूप से अहम है। यह देश हिंद महासागर के उन समुद्री रास्तों के करीब है, जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है। ऐसे में वहां रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े बदलाव भारत के लिए भी मायने रखते हैं। भारत से तनाव का मालदीव की अर्थव्यवस्था पर असर होगा। मालदीव की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर है। 2023 में 2.09 लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचे थे। 2025 में यह संख्या करीब 1.32 लाख रही। 2024 में मालदीव के कुल आयात में भारत की हिस्सेदारी करीब 41% थी। भारत से चावल, सब्जियां, दवाइयां और सीमेंट जैसे जरूरी सामान जाते हैं। भारत से तनाव बढ़ने पर व्यापार और हवाई संपर्क पर असर पड़ सकता है। इससे मालदीव में सामान की सप्लाई और पर्यटन से जुड़े कारोबार को नुकसान हो सकता है। लंबे समय तक तनाव रहने पर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ सकती हैं और पर्यटन से जुड़े लोगों की कमाई घट सकती है।

11 साल बाद की पाकिस्तान यात्रा

मुइज्जू का यह दौरा 11 साल में किसी मालदीवी राष्ट्रपति की पहली पाकिस्तान यात्रा थी। दोनों देशों ने अगले दो साल में आपसी व्यापार को करीब 1.3 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर 20 करोड़ डॉलर करने पर भी सहमति जताई है। इस दौरान पीएम शहबाज शरीफ ने जम्मू-कश्मीर और सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान का पक्ष रखा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अप्रैल 2025 में भारत ने सिंधु जल संधि स्थगित कर दी थी। पाकिस्तान ने भारत के इस फैसले का विरोध किया है। मुइज्जू ने दौरे के दौरान कश्मीर या सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान के पक्ष का सार्वजनिक रूप से समर्थन नहीं किया। लेकिन उनकी मौजूदगी में हुई यह बातें अब सवालों के घेरे में हैं।

कैप्टन मच्छार यूएई द्वारा सम्मानित


यूएई के क्राउन प्रिंस ने 'ऑर्डर ऑफ जायद II' से सम्मानित करते हुए

राष्ट्रपति नाहयान (इनसेट में) मच्छार को गले लगाते हुए

अबू धाबी। फ्लाईदुबई फ्लाइट को अपहरण होने से बचाने के लिए जान की बाजी लगाने को तैयार भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मच्छार समेत विमान के अन्य चालक दल सदस्यों को प्रथम श्रेणी के 'ऑर्डर ऑफ जायद II' से सम्मानित किया है। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने चालक दल को यह सम्मान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कैप्टन स्मित मच्छर ने हिम्मत, जिम्मेदारी और इंसानी जान की परवाह करने की मिसाल पेश की। हमें गर्व है कि वे हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और यूएई की पहचान का हिस्सा हैं। इस दौरान यूएई के उपराष्ट्रपति, पीएम और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

स्पेन में भीषण रेल हादसा

हाई स्पीड ट्रेन टकराईं, 46 की मौत, बचाव अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर में कम से कम 46 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में रेनफे एवीई और निजी कंपनी इर्यो की ट्रेन शामिल थीं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय समयानुसार सुबह 8:54 बजे उर्दा रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण टक्कर के बाद आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया। कैस्टिला-ला मांचा की 112 आपातकालीन सेवा के अनुसार, हादसे के बाद अल्काजार डी सैन जुआन और ऑर्गाज से दमकलकर्मियों, आसपास की नगरपालिकाओं से नागरिक सुरक्षा दलों और तीन मेडिकल हेलिकॉप्टरों को घटनास्थल पर भेजा गया।


हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रेन

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत-ऑस्ट्रिया की मुलाकात

अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए दोनों मिलकर काम करने को सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रिया ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीएटे माइनल-राइजिंगर से मुलाकात के दौरान कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात जटिल हैं और ऐसे समय में दोनों देशों के बीच बातचीत जरूरी है।

बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने, पहले हुए समझौतों पर प्रगति जानने और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने पर जोर दिया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध गर्मजोशी और मित्रता पर आधारित हैं।


बीएटे राइजिंगर और जयशंकर

आर्थिक सहयोग को और बेहतर बनाएंगे

जयशंकर ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच आर्थिक सहयोग अच्छा चल रहा है, लेकिन इसे और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने विज्ञान एवं तकनीक, जलवायु संबंधी मुद्दों और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी जोर दिया। उनके मुताबिक, इन क्षेत्रों में आपसी सहयोग को गहरा करने की काफी गुंजाइश है। बैठक में इन संबंधों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और भविष्य में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की गई।

देश में जारी आतंरिक संघर्ष के बीच सेना ने अपने ही लोगों को निशाना बनाया

सूडान में ड्रोन से हमला, 100 से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ दारफुर

सूडान में जारी आंतरिक संघर्ष ने एक बार फिर भयानक रूप अख्तियार कर लिया है। दक्षिण दारफुर प्रांत के प्रमुख शहर न्याला में सोमवार शाम एक व्यस्त बाजार को निशाना बनाकर किए गए घातक ड्रोन हमले में भारी तबाही मची है, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में नागरिक जख्मी हुए हैं।

- डुमाया के तानकोंग बाजार में बरपा कहर
- 150 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल

स्थानीय मानवाधिकार निगरानी संस्था 'इमरजेंसी लॉयर्स' तथा अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हमला न्याला के डुमाया उपनगर स्थित लोकप्रिय 'तानकोंग बाजार' में उस वक्त हुआ जब बड़ी संख्या में स्थानीय लोग खरीदारी और खान-पान में व्यस्त थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि व्यस्त समय में बाजार के बीचों-बीच विस्फोटक गिराए गए, जिससे चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई।


हमले का दृश्य

संगठनों से स्वतंत्र जांच की मांग की

न्याला वर्तमान में अर्धसैनिक संगठन 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आरएसएफ) के कब्जे में है। आरएसएफ ने इस बर्बर हमले के लिए नियमित सूडानी सेना (एसएएफ) को जिम्मेदार ठहराते हुए घटना की निष्पक्ष और अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की मांग उठाई है। दूसरी तरफ, 'दारफुर विक्टिम्स ऑर्गनाइजेशन' के मुताबिक हताहतों में बड़ी संख्या में महिलाएं और मासूम बच्चे शामिल हैं।

बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा

वैश्विक मानवीय संस्था 'डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने जानकारी दी कि हमले के तुरंत बाद न्याला स्थित उनके चिकित्सा केंद्र में 36 शव लाए गए, जबकि आपातकालीन वार्ड में 150 से अधिक गंभीर रूप से घायल लोगों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। अधिकार समूहों का अनुमान है कि मृतकों और घायलों का कुल आंकड़ा 200 के पार पहुंच चुका है।

सोमालिया में आतंकी हमला, 20 सैनिकों की मौत

मोगादिशु। सोमालिया में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस्लामी चरमपंथी लड़ाकों ने घात लगाकर किए गए हमले में सोमालिया के कम से कम 20 सैनिकों को मार डाला। हमले में बचे एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी।



सर्बिया में पुलिसकर्मी पर हमला, आरोपी मारा गया

बेलग्रेड। सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में बुधवार को इजराइली दूतावास के बाहर एक नाबालिग ने दो चाकू लेकर पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। उसने 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाया। जवाब में पुलिसकर्मी ने गोली चलाई, जिससे हमलावर की मौत हो गई। घटना के बाद सर्बिया में सुरक्षा का स्तर बढ़ाकर रेड कर दिया गया, जो देश में खतरे का सबसे ऊंचा स्तर है।

भारत-मेक्सिको के बीच बड़ी पहल

व्यापार समझौते के लिए पीटीए वार्ता शुरू, घटेगा आयात शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मेक्सिको ने आर्थिक संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरीयतापूर्ण व्यापार समझौते (प्रीफ्रेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट-पीटीए) के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू कर दी है।

दोनों देशों ने इसके लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए, जिससे व्यापार समझौते पर बातचीत का रास्ता साफ हो गया है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और मेक्सिको के विदेश व्यापार उपमंत्री लुइस रोसेन्डो गुटिरेज रोमानो ने संयुक्त रूप से इस वार्ता प्रक्रिया का शुभारंभ किया। वाणिज्य विभाग ने कहा कि दोनों देशों का साझा उद्देश्य व्यापार का विस्तार करना, निवेश को बढ़ावा देना, सप्लाई चेन को मजबूत बनाना और दोनों देशों के कारोबारों के लिए नए अवसर पैदा करना है।


राजेश अग्रवाल और लुइस रोमानो

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

जबलपुर

गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-4

वर्ष : 21, अंक : 175

पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *

haribhoomi.com

मौसम

अधि. 24

न्यून. 20

चंद्रोदय का समय

रात 8:26 बजे

करवा चौथ की मंगलकामनाएं



The Honda Joy Fest

इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी



कैशबैक ₹10000* तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक

लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

*Terms and Conditions apply.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

HONDA

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रख कर लिया गया निर्णय

लंबे मंथन के बाद अंततः केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार बने

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जैसी संभावना थी, वही हुआ। भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश से बाहर के केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर हरदीप पुरी को राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के इस निर्णय से भाजपा के उन स्थानीय नेताओं के मंसूबों पर पानी फिर गया जो राज्यसभा की उम्मीद लगाए बैठे थे और जिनका नाम पैनल में भेजा गया था। यह सीट पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी, जिनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक शेष था। हरदीप पुरी अभी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य थे लेकिन केंद्र में मंत्री बनाए रखने के लिए अब उन्हें मप्र से राज्यसभा भेजा जा रहा है।

बाहरी को मौके से स्थानीय नेताओं के मंसूबों पर फिरा पानी



भाजपा ने भेजा था पांच नामों का पैनल

प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक के बाद प्रदेश नेतृत्व ने 5 नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा था। इस पैनल में हरदीप पुरी के अलावा तमिलनाडु की पूर्व विधायक वनथी श्रीनिवासन का नाम शामिल बताया गया था। प्रदेश से स्थानीय दावेदारों में दलित वर्ग से पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, आदिवासी वर्ग की वरिष्ठ महिला नेत्री रंजना बघेल और पार्टी के प्रमुख आदिवासी चेहरे डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के नाम शामिल थे।

2 नवंबर तक नामांकन दाखिल होंगे

केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। उन्होंने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उप चुनाव के लिए 2 नवंबर तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 3 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 5 नवंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 12 नवंबर को मतदान होगा। शाम 5 बजे से मतगणना होगी।

बाहरी नेताओं को पहले भी मिलता रहा मौका

प्रदेश भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं को उम्मीद थी कि इस बार किसी स्थानीय वरिष्ठ नेता या संगठन के निष्ठावान चेहरे को उच्च सदन भेजा जाएगा। हालांकि इससे पहले भी पार्टी ने एल मुरुगन (तमिलनाडु) और जॉर्ज कुरियन (केरल) जैसे गैर-मध्य प्रदेशीय नेताओं को मप्र के कोटे से संसद भेजा था। इसी क्रम में हरदीप सिंह पुरी के नाम पर इस बार भी मुहर लग गई। ऐसे में एक बार फिर 'बाहरी बनाम स्थानीय' का विमर्श राज्य के राजनीतिक गलियारों में उभर आया है। कांग्रेस को भी राज्य में एक बार फिर भाजपा पर 'मप्र के नेताओं के हक की अनदेखी' का आरोप लगाने का सियासी मौका मिल गया है। गणित पूरी तरह भाजपा के पक्ष में होने के कारण हरदीप सिंह की जीत में कोई संशय नहीं है।

inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैनल टेरो

TATA PLAY पैनल नं. 1155 | airtel पैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 का किया शुभारंभ

इंदौर, उज्जैन और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य जारी

मप्र में15 टाउनशिप बनेंगी, 30 हजार एकड़ में होगा नियोजित शहरी विकास



उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के शहरों को आधुनिक, निवेश-अनुकूल, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इंदौर, उज्जैन और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य तेजी से चल रहा है। वर्ष 2047 तक इस क्षेत्र में लगभग 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने, 12 से 15 नई टाउनशिप विकसित करने तथा 25 से 30 हजार एकड़ क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इंदौर फ्यूचर सिटी में करीब 5 हजार एकड़ क्षेत्र में आवास, उद्योग और रोजगार आधारित विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर केवल आवासीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के प्रमुख केंद्र हैं। शहरी विकास को आधुनिक अधोसंरचना, जल सुरक्षा, किफायती आवास और बेहतर जीवन गुणवत्ता से जोड़कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों के साथ शहरी विकास एवं अधोसंरचना में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इससे प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

सीएम ने कहा कि शहर केवल आवासीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के प्रमुख केंद्र

वर्ष 2047 तक इंदौर-उज्जैन-भोपाल क्षेत्र में 20 लाख रोजगार के अवसर होंगे सृजित



एमओयू के दौरान सीएम डॉ. यादव, मंत्री विजयवर्गीय और मंत्री सिलावट

- ***शहरों को आधुनिक, निवेश अनुकूल और नागरिक-केंद्रित बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता***
- ***इंदौर फ्यूचर सिटी में 5 हजार एकड़ क्षेत्र में होगा आवास, उद्योग और रोजगार आधारित विकास***
- ***मप्र में लगभग 12 लाख करोड़ रुपए के निवेश को उतारा गया धरातल पर***

अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग नीति-2026 का ड्राफ्ट जारी

मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण एवं उपचारित जल के पुनः उपयोग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग नीति-2026 तथा किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए मप्र अर्बन अफोर्डेबल हाउसिंग एंड हैबिटेट पॉलिसी-2026 के ड्राफ्ट जारी किए। उपचारित जल के पुनः उपयोग का लक्ष्य वर्ष 2037 तक 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत 2,013 करोड़ रुपए की शहरी अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं के लिए वित्तीय समझौते किए गए।

मालवा-निमाड़ के 8 जिलों के विकास के लिए वर्ष 2047 तक की रूपरेखा प्रस्तुतः मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की इंदौर इकोनॉमिक रीजन रिपोर्ट (आईईआर) में मालवा-निमाड़ के 8 जिलों के आर्थिक विकास के लिए वर्ष 2047 तक की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इसमें उद्योग, कृषि, पर्यटन और रोजगार से जुड़ी 60 से अधिक परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

शहर आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में अब तक लगभग 12 लाख करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारा जा चुका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करने के लिए मप्र निवेश, उद्योग, तकनीकी विकास और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। ऐसे में भविष्य की विकास योजनाओं में शहरीकरण को केंद्र में रखना आवश्यक है। शहर केवल सड़क, आवास और ड्रेनेज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन हैं।

खबर संक्षेप

30 नवंबर को ही रिटायर होंगे डीजीपी मकवाना

भोपाल। मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना को सेवा विस्तार नहीं मिलेगा। वे 30 नवंबर 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। राज्य शासन के गृह विभाग ने 28 अक्टूबर को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।



इसके साथ ही उनके कार्यकाल में विस्तार को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। मकवाना की सेवानिवृत्ति के बाद प्रदेश को नया पुलिस प्रमुख मिलेगा। अब अगले डीजीपी की नियुक्ति को लेकर शासन के फैसले पर नजर रहेगी। नए डीजीपी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए तैयार पैनल में एक महिला आईपीएस अधिकारी का नाम भी शामिल है। यदि उनके नाम पर सहमति बनती है, तो मध्य प्रदेश को पहली महिला डीजीपी मिल सकती हैं।

मोदी सरकार ने दी दीपावली की सौगात

केंद्रीय कर्मियों का डीए 3% बढ़ा, जुलाई से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स की दिवाली थोड़ी और रोशन हो गई है। सरकार ने त्योहार से ठीक 10 दिन पहले उनके महंगाई भत्ते में 3% बढ़ोतरी कर दी है। ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी डीए 63% हो जाएगा। सरकार इस पर 10 हजार करोड़ खर्च करेगी। बुधवार 28 अक्टूबर को कैबिनेट ने नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू करने को मंजूरी दी है। पिछले महीनों का एरियर भी दिवाली से पहले खाते में भेजा जाएगा। इससे पहले केंद्र सरकार ने अप्रैल में डीए में 2% की बढ़ोतरी की थी।

इसके साथ ही महंगाई भत्ता 60% पर पहुंच गया था। कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।



- 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को मिलेगा फायदा
- सबसे निचले कर्मचारी को 540 और कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को 7500 महीने का फायदा
- सरकार इस पर करीब 10 हजार करोड़ खर्च करेगी

इस फैसले की 3 बड़ी बातें

1. डीए बढ़ने से सैलरी में बढ़ोतरी बेसिक पे के आधार पर तय होती है

▶▶ मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिएः अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे 18,000 है, तो 3% की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने 540 का इजाफा होगा। हायर पे-स्केल वालों के लिएः अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी 56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग 1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी

2. साल में दो बार रिवाइज होता है भत्ता

▶▶ केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है।

सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है।

3. महंगाई के हिसाब से मिलता है अलाउंस

▶▶ डीए सरकारी कर्मचारियों के रहन-सहन के खर्च को संतुलित करने के लिए दिया जाने वाला अलाउंस है। यह कर्मचारी की बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय होता है।

वहीं, डीआर रिटायर्ड कर्मचारियों यानी पेंशनर्स को उनकी बेसिक पेंशन पर दिया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों के असर को कम करना है।

तेंदुए के साथ एक सियार का शव भी मिला

बालाघाट में करंट से किया गया तेंदुए का शिकार, चारों पंजे काटे, खाल भी उधेड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

कूनो में 19 माह के चीते की मौत का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि बालाघाट जिले में एक तेंदुए का शिकार किया गया। शिकारियों ने उसे बिजली का करंट लगाकर मारा, फिर कुल्हाड़ी से पंजे काटे और खाल उधेड़ दी। खाल को घटनास्थल के पास एक गड्ढे के पानी में डुबोकर रखा गया था। वन विभाग की टीम को घटना की जानकारी कई दिन बाद मिली। घटना 22 अक्टूबर को नारंगी-खांडापार के बीच हिर्री बीट के कक्ष क्रमांक 1815 के घने जंगल में सामने आई। तेंदुए के साथ एक सियार का शव भी मिला, जिसकी मौत भी करंट से हुई थी। वन विभाग ने शवों को चार से पांच दिन पुराना बताया है। इस मामले में नारंगी निवासी रतन मेरावी, अनिल पंद्रे, शिवप्रसाद उइके, धीरसिंग मरकाम, सुनील उइके और हीरासिंग मरकाम सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



- ***6 आरोपी गिरफ्तार, रेंजर सहित 3 वनकर्मी नपे***

निर्वा के शावक की मौतः एसटीएफ के साथ केंद्रीय कमेटी करेगी जांच

भोपाल। कूनो नेशनल पार्क के मादा चीता निर्वा के 19 माह के शावक को गोली मारने के मामले की जांच अब मध्य प्रदेश सरकार के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के साथ केंद्र सरकार की उच्चस्तरीय कमेटी भी करेगी। यह कमेटी जल्द ही मध्य प्रदेश आएगी। साथ ही सीबीआई जांच के लिए न्यायालय में याचिका दायर की है। केंद्रीय कमेटी में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक और क्षेत्रीय उपनिदेशक शामिल हैं।

- सीबीआई जांच के लिए कोर्ट में पिटीशन दायर

पुलिस पर मदद नहीं करने का आरोप

सीहोर में किसान पर लाठी तलवारों से हमला, मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले की भेरूंदा तहसील के एक गांव में जमीन के पट्टे की लिखा-पढ़ी को लेकर हुए विवाद के बाद एक किसान की मौत हो गई। मंगलवार रात घर में खाना खा रहे 50 वर्षीय रामद्वार मेहर पर लाठी-डंडों और तलवारों से हमला किया गया। उन्हें बचाने आए परिवार के सदस्यों को भी पीटा गया। हमले में किसान के सिर में गंभीर चोट आई, बेटे का कान कट गया ।



- जमीन के पट्टे की लिखा-पढ़ी को लेकर था विवाद

1.37 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला



आखिर, अनंब चक्रवात आंध्र के तट से टकराया

हैदराबाद। भीषण चक्रवाती तूफान अनंब बुधवार सुबह 2 से 8 बजे के बीच बापटला और विशाखापत्तनम के बीच तट से टकराया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान हवाओं की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रति घंटा रही, जबकि झोंके 150 किमी प्रति घंटे तक पहुंचे। तूफान के कारण भारी बारिश हुई। विशाखापत्तनम के वॉल्टेयर में 216.9 मिमी, कलिंगपट्टनम में 147.5 मिमी और काकीनाडा में 118.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। आंध्र प्रदेश में करीब 89 हजार और ओडिशा में 48 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्टों में किसी की मौत की सूचना नहीं थी।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

जबलपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

समाचार ही नहीं, विचार भी

चंद्रोदय का समय
रात 8:26 बजे

करवा चौथ की मंगलकामनाएं



बच्चों की बातें सुन भावुक हुए मुकेश अंबानी, जियो की शेयर बाजार में दमदार शुरुआत



मुकेश अंबानी

अनंत ने परिवार से जुड़े भावुक प्रसंग साझा करते हुए

मां ने कहा- जियो मेरे लाल... दादी ने कहा जुग-जुग जियो और दोस्तों ने कहा-जियो यार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में लिस्टिंग रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के लिए कारोबारी उपलब्धि के साथ भावुक कर देने वाला अवसर भी बन गई। 28 अक्टूबर 2026 को आयोजित लिस्टिंग समारोह में उनके बच्चों ईशा, आकाश और अनंत अंबानी ने जियो के दस साल के सफर, ग्राहकों के भरोसे और परिवार की विरासत का जिक्र किया। बच्चों के संबोधन के दौरान मुकेश अंबानी की आंखें नम हो गईं।

1,119 के इश्यू प्राइस के मुकाबले 1,358 पर हुई लिस्टिंग



अंबानी परिवार की एक साथ मंच पर उपस्थिति

अनंत बोले

जियो को देश की जनता ने बनाया

लिस्टिंग समारोह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने कहा कि इस मौके पर सबसे महत्वपूर्ण शब्द कृतज्ञता है। जियो को आगे बढ़ाने में लाखों ग्राहकों के भरोसे और देश के लोगों के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जियो को पूरे देश का आशीर्वाद मिला है।

जियो ने पहले ही दिन निवेशकों को किया मालामाल

लीजिए, दिवाली से पहले ही जियो ने निवेशकों की दिवाली मनवा दी

2.76 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ी संपत्ति

- इश्यू प्राइस से 300 चढ़ा जियो का शेयर, पहले दिन 26.81 फीसदी की बढ़त
- जियो की मार्केट कैप 13 लाख करोड़ के पार, बाजार मूल्य में करीब 2.76 लाख करोड़ का इजाफा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेयर बाजार में लिस्टिंग के पहले ही दिन जियो प्लेटफॉर्म्स ने निवेशकों को मालामाल कर दिया। बुधवार को जियो का शेयर 1,419 पर पहुंच गया, जो 1,119 के आईपीओ इश्यू प्राइस से 300 यानी 26.81 फीसदी अधिक है।

खबर संक्षेप

बिल भुगतान के लिए उपयंत्री 5 हजार लेते पकड़ाया

इंदौर। लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को नगर निगम के जोन-13 में पदस्थ सब इंजीनियर हर्ष गहलोत को 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोप है कि उसने पानी के टैंकर के बकाया बिल का भुगतान कराने के लिए लॉगबुक सत्यापन के बदले 6 हजार रुपए मांगे थे। लोकायुक्त टीम ने चाणक्यपुरी चौराहे पर हनुमान मंदिर के सामने कार्रवाई की। सोहेल पटेल ने अपना पानी का टैंकर अटैच कराया था।



सीएसपी नेहा की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

जबलपुर। कटनी की फरार सीएसपी नेहा पच्चीसिया की एफआईआर निरस्त करने और अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिकाओं पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस राजकुमार चौबे की युगलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। बचाव पक्ष ने नेहा की भूमिका से इनकार करते हुए कहा कि उनके बैंक खाते से कोई भुगतान नहीं हुआ।



नसीरुद्दीन शाह बोले- फख्र है, मैं दिमागी नक्सल हूं

मुंबई। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने एक बार फिर सरकार पर निशाना साधते हुए खुद को 'दिमागी नक्सल' बताया है। मंगलवार को फेसबुक पर साझा वीडियो में उन्होंने कहा कि उन्हें 'एंटी नेशनल' और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' जैसे नाम दिए गए हैं। कहा कि देश में युवाओं का हौसला तोड़ने, शिक्षण संस्थानों को बर्बाद करने और लोकतंत्र को खतरे में डालने की कोशिश हो रही है। जामिया मिलिया इस्लामिया का जिक्र किया।



एमएलसी चुनावों में एक भी सीट नहीं जीतने पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर निशाना

4 बड़े राज्य.. 28 सीटें, आप अंदाजा लगाइए कांग्रेस ने कितनी सीटें जीती ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में कांग्रेस तीनों सीटें हार गई। बिहार की पांच सीटें भी सफाचट रहीं। कर्नाटक में कांग्रेस ने चार सीटें ही गंवा दीं। यूपी में सपा ने कांग्रेस को कोई सीट नहीं दी, इसलिए पार्टी वहां चुनाव मैदान में नहीं उतरी

चार राज्यों में विधान परिषद (एमएलसी) की 28 सीटों पर हुए चुनावों में कांग्रेस के खाता नहीं खोल पाने पर भाजपा ने राहुल गांधी और विपक्ष पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतपत्रों से हुए चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज कसते हुए सवाल किया कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक की 28 सीटों में से पार्टी को कितनी सीटें मिलीं। दरअसल, इन चुनावों से पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं, लेकिन इस बार वह एक भी सीट नहीं जीत सकी।



नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह टिप्पणी ऐसे समय की, जब कांग्रेस समेत विपक्षी दल ईवीएम में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। विपक्ष ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं।

पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं, लेकिन इस बार वह एक भी सीट नहीं जीत सकी



मतगणना करते हुए

चुनाव ईवीएम से हों.. या 'बैलेट' पेपर से, कांग्रेस को हार ही मिली

जनता का समर्थन मेहनत से मिलता है, वोट चोरी के आरोपों से नहीं

पवन खेड़ा बोले- तो, अगले लोकसभा-विधानसभा चुनाव बैलेट से ही करवा लें

पीएम मोदी की टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि उन्हें भरोसा है कि चुनाव नतीजों पर ईवीएम का असर नहीं पड़ता, तो उन्हें अपने कामों से भाजपा की चुनावी ताकत साबित करनी चाहिए। खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के सामने चार मांगें रखीं। पहला आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने का वादा किया जाए। दूसरा एसआईआर प्रक्रिया रोकी जाए और उनके दावे के मुताबिक, मतदाता सूची से हटाए गए 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़े जाएं।



पवन खेड़ा

राहुल विदेश में सैर-सपाटे के बाद रैली की बात कर रहे



सुधांशु त्रिवेदी

त्रिवेदी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की रैली और प्रस्तावित आंदोलन को लेकर भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल करीब दो सप्ताह तक विदेश में सैर-सपाटा करने के बाद लौटे हैं और अब ऐसे आंदोलन की बात कर रहे हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन मेहनत से हासिल होता है, न कि केवल आरोप लगाने से। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन उत्तर प्रदेश और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पंजाब के दौरे पर हैं, जबकि राहुल गांधी विदेश में थे। उन्होंने कांग्रेस से वोट चोरी का मुद्दा उठाने के बजाए मेहनत करने की नसीहत दी।

दिल्ली में 43 लाख मतदाताओं के नाम हटाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

जो वोटर उनसे फॉर्म-6 क्यों भरवा रहे? पता बदलने पर फॉर्म-8 का विकल्प दें

- जिन लोगों को मतदाता गणना का फॉर्म मिला ही नहीं, उनके लिए समाधान होना चाहिए
- केवल देरी के आधार पर किसी पात्र व्यक्ति का दावा खारिज नहीं किया जाना चाहिए
- चुनाव आयोग ने समयसीमा बढ़ाने के संकेत दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से सवाल किया कि मसौदा सूची से बाहर किए गए करीब 43 लाख लोगों, जिनके नाम 'स्थानांतरित या अनुपस्थित' श्रेणी में हैं, को दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरने को क्यों कहा जा रहा है। यह फॉर्म पहली बार मतदाता बनने वालों के पंजीकरण के लिए है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि पहले से मतदाता रहे लोगों को नए पंजीकरण की घोषणा करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। आयोग ने भरोसा दिलाया कि किसी पात्र मतदाता को सूची से बाहर नहीं रहने दिया जाएगा और आवेदन की समयसीमा बढ़ाई जाएगी।



हटाए गए नामों का कारण सार्वजनिक करें

सुप्रीम कोर्ट ने हटाए गए मतदाताओं की सूची सार्वजनिक करने और सरल हिंदी व स्थानीय भाषाओं में नाम हटाने का कारण बताने की जरूरत जताई। इससे संबंधित लोगों को अपनी स्थिति समझने और नाम जुड़वाने के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

टाटा समूह में विवाद पर राहुल का आरोप

समूह को बर्बाद किया जा रहा कारोबारी कब तक चुप रहेंगे?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोई भी कारोबारी नेता इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा रहा

टाटा समूह में नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कारोबारी जगत की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि टाटा समूह को 'आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है', लेकिन कोई भी कारोबारी नेता इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा रहा है। राहुल गांधी की टिप्पणी टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के बीच नेतृत्व को लेकर जारी विवाद के बीच आई है। विवाद टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति से जुड़ा है। 7 सितंबर को बोर्ड में उन्हें अगले पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित होने की बात सामने आई थी। नोएल टाटा ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए इसे कानूनी रूप से अमान्य बताया है। नोएल टाटा ने मांग की है कि कार्यकाल बढ़ाने से संबंधित उल्लेख बोर्ड बैठक के आधिकारिक कार्यवृत्त से हटाए जाएं और इससे जुड़े वैधानिक दस्तावेज वापस लिए जाएं। उनका तर्क है कि नियुक्ति टाटा संस के एसोसिएशन के नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं हुई।



राहुल गांधी



निर्मला सीतारमण

सीतारमण बोलीं

राहुल जी, हर मुद्दे का राजनीतिकरण न करें

राहुल गांधी के आरोपों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार करते हुए कहा कि हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है। उन्होंने कारोबारी और कानूनी विवादों को बिना पर्याप्त आधार के आपराधिक बताने पर भी सवाल उठाए। सीतारमण ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए पूछा कि क्या वह कारोबारी नेताओं को भड़काकर उनके बीच अविश्वास और कटुता फैलाना चाहते हैं।

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने आचार्य समय सागर महाराज से लिया आशीर्वाद

सहस्त्रकूट जिनालय का किया अवलोकन

राष्ट्रहित, गोसेवा और ग्रामीणों के पलायन पर हुई बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को राजधानी के रानी कमलापति क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे आचार्य समय सागर महाराज के दर्शन किए। इंदौर जाते समय भोपाल में रुके भागवत ने भगवान जिनेंद्र के दर्शन के बाद आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया और उनका पाद प्रक्षालन किया। इस दौरान राष्ट्रहित, जीवदया, पशु संरक्षण और गोवंश की रक्षा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। भागवत ने वर्तमान परिस्थितियों में जीवदया और गोवंश संरक्षण के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाने के संबंध में आचार्य श्री से मार्गदर्शन मांगा।



डॉ. मोहन भागवत आचार्य समय सागर महाराज का वंदन करते हुए

पीछे से तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

बाड़ी थाना क्षेत्र में हादसा

सलकनपुर से दर्शन कर लौट रहे मां-बेटे समेत तीन की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बाड़ी

सलकनपुर स्थित बिजासन देवी मंदिर में दर्शन कर बाइक से घर लौट रहे मां-बेटे समेत तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बाड़ी थाना क्षेत्र में एसएच-15 फोरलेन पर नानपोन पेट्रोल पंप के सामने हुआ।

पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा शाम करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच हुआ। बाड़ी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तीनों सलकनपुर में दर्शन-पूजन करने के बाद बाइक से अपने गांव नकतरा लौट रहे थे। इसी दौरान नानपोन पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और तीनों की मौत हो गई।



हादसे के बाद अस्पताल में मौत

मृतकों की पहचान तारा बाई (70), पति गोरेलाल राय, नरेश (35), पिता गोरेलाल अमरावद और कमलेश चौहान (47), पिता नंदकिशोर चौहान, निवासी बकतरा, जिला सीहोर के रूप में हुई है। तारा बाई और नरेश मां-बेटे थे।

भोपाल में आज से कल तक बादल-हल्की बौछारों के बीच रात के तापमान में बढ़त रहेगी

नवंबर की शुरूआत में भी बदला रहेगा मौसम का मिजाज

जाते-जाते अर्नब चक्रवात मप्र में मौसम बदल गया, पारा गिरा दर्जनभर जिलों में बारिश, आज कुछ जगह 'भारी बारिश'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। यह अर्नब चक्रवात का असर बताया गया है। हालांकि, चक्रवात का लैंडफॉल हो गया है। इसके असर से लगातार दूसरे दिन प्रदेशभर में औसत पारा करीब दो डिग्री गिरा है। दोपहर बाद से देर शाम के बीच करीब एक दर्जन जिलों में हल्की बारिश और बौछारें पड़ीं, जबकि गुरुवार तक करीब एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इससे अभी दिन के तापमान में लगातार तीन से चार दिन गिरावट बनी रहेगी। रात में कुछ स्थानों पर पारा बढ़ेगा।



अनूपपुर जिले के अमरकंटक में चक्रवात के असर से बारिश हुई

शाम तक यहां बारिश हुई

बुधवार को दोपहर से देर शाम के बीच पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, सीधी, सिंगरौली, कटनी, सतना, जबलपुर, मैहर, रीवा और मऊगंज में कुछ स्थानों पर हल्की गरज के साथ बारिश हुई है।

औसत तापमान में 2 से 4 डिग्री तक घट-बढ़

बदले मौसम के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादलों और कुछ जगह बारिश का असर रहा। इससे दिन के तापमान में औसतन दो डिग्री तक कमी दर्ज की गई। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 30 डिग्री तक रहा। यह नॉर्मल से औसतन 2 डिग्री कम है। भोपाल में 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ 29.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम है।

हाई कोर्ट ने निगमायुक्त और प्रभारी कॉलोनी सेल को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

टीएनसीपी से स्वीकृत सोसायटी में भी नक्शा पास नहीं कर रहा नगर निगम

जबलपुर। नगर एवं ग्राम निवेश (टीएनसीपी) से स्वीकृत गृह निर्माण सोसायटी में भूखंड होने के बावजूद मकान का नक्शा स्वीकृत नहीं किए जाने का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। मामले में जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने नगर निगम जबलपुर के आयुक्त और प्रभारी कालोनी सेल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

याचिकाकर्ता अजीत सिंह आनंद की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि पुरुषार्थ गृह निर्माण सोसायटी, आदर्श नगर को नगर एवं ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृति प्राप्त है। सोसायटी के प्लाट नंबर एक का कुल क्षेत्रफल 6200 वर्गफुट था, जिसे हरनाम सिंह बग्गा ने क्रय किया था। उक्त भूखंड पर निर्माण के लिए नगर निगम ने नवंबर 1975 में ही नक्शा स्वीकृत कर दिया था। याचिका के अनुसार, बाद में भूखंड मालिक ने जमीन को दो हिस्सों में बेच दिया। इनमें से एक हिस्सा याचिकाकर्ता की बहन ने खरीदा था। बाद में उसने अपना हिस्सा याचिकाकर्ता और उसके भाई के नाम कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि शासकीय अभिलेखों में भी उसके और उसके भाई के नाम दर्ज हैं। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि भूखंड का दूसरा आधा हिस्सा खरीदने वाले व्यक्ति को नगर निगम ने अगस्त



2002 में निर्माण के लिए नक्शे की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। इसके बावजूद याचिकाकर्ता द्वारा अपने हिस्से में निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृत कराने का आवेदन करने पर अलग रुख अपनाया गया। याचिकाकर्ता के अनुसार, उसने नगर निगम के कालोनी सेल में मकान का नक्शा स्वीकृत कराने के लिए आनलाइन आवेदन किया था। हालांकि, कालोनी सेल ने आवेदन निरस्त कर दिया। इसी निर्णय को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने स्वयं अपना पक्ष रखा। प्रारंभिक सुनवाई के बाद बेंच ने नगर निगम आयुक्त और कालोनी सेल प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश निशा विश्वकर्मा की अदालत ने दुष्कर्म के मामले में रामपुर निवासी संदीप कुशवाहा को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार, गोरखपुर थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि संदीप कुशवाहा का उसके घर आना-जाना था। 24 अप्रैल 2023 की रात करीब 10 बजे महिला घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना की और आरोपी के विरुद्ध चालान न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक जीत सिंह पटेल ने अभियोजन पक्ष की ओर से तर्क प्रस्तुत किए। प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों और अभियोजन के तर्कों पर विचार करने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कारावास और चार हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

बीसीआई प्रतिनिधि के रूप में इंदौर के जय हार्डिया निर्वाचित, विवेक सिंह को छह मतों से हराया

एसबीसी चेयरमैन का चुनाव टला अब 14 नवंबर को होगा चयन

25 सदस्यों की मौजूदगी में हुई सामान्य सभा की बैठक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के लिए अगली बैठक में होगा फैसला

जबलपुर। राज्य के वकीलों की नियामक संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल के नए चेयरमैन के चयन पर सदस्यों के बीच सहमति नहीं बन पाने से बुधवार को चुनाव टल गया। अध्यक्ष सहित अन्य पदों के निर्वाचन के लिए अब 14 नवंबर को होने वाली सामान्य सभा की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने निर्धारित कार्यक्रम और सदस्यों के बीच सामने आए मतभेदों के मद्देनजर चयन की प्रक्रिया अगली बैठक तक टालने का निर्णय लिया। इस बीच, बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) के प्रतिनिधि के रूप में इंदौर के जय हार्डिया निर्वाचित हुए। उन्होंने गुप्त मतदान में विवेक सिंह को छह मतों से पराजित किया।

25 सदस्यों ने लिया बैठक में हिस्सा

स्टेट बार काउंसिल में बुधवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य सभा की बैठक हुई। इसमें सभी 25 निर्वाचित सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सबसे पहले बीसीआई प्रतिनिधि के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस पद के लिए इंदौर के विवेक सिंह और जय हार्डिया आमने-सामने थे। दोनों उम्मीदवारों के समर्थन में सदस्यों ने मतदान किया। पदेन अध्यक्ष महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मतदान में शामिल थे। मतगणना में जय हार्डिया को 16 और विवेक सिंह को 10 मत मिले। इस तरह जय हार्डिया छह मतों के अंतर से निर्वाचित घोषित किए गए।

गुप्त मतदान से हुआ निर्वाचन

बीसीआई प्रतिनिधि के चयन में गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनाई गई। उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल आफ इंडिया ने निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट किया है कि एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में हाथ उठाकर या खुले तौर पर समर्थन जताकर मतदान नहीं कराया जा सकता। ऐसे मामलों में गुप्त मतदान यानी सीक्रेट बैलेट के माध्यम से निर्वाचन अनिवार्य है। इसी प्रक्रिया के तहत बीसीआई प्रतिनिधि का चयन किया गया।

अब 14 नवंबर पर निगाहें

बीसीआई प्रतिनिधि का चयन होने के बाद एसबीसी के चेयरमैन, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पदों पर निर्वाचन होना था, लेकिन सदस्यों के बीच सहमति नहीं बनने से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। इन पदों के लिए अब 14 नवंबर को होने वाली सामान्य सभा की बैठक में चयन किया जाएगा। ऐसे में परिषद के नए नेतृत्व को लेकर दावेदारों और अधिवक्ता जगत की निगाहें अगली बैठक पर टिक गई हैं।

खजुराहो में तीन विद्युत वृत्तों की समीक्षा, चोरी रोकने और वसूली पर जोर

रबी सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता ने बुधवार को खजुराहो में सागर, टीकमगढ़ और छतरपुर विद्युत वृत्तों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रबी सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मरों को समय पर बदलने, बिजली चोरी रोकने और बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

गुप्ता ने मैदानी अधिकारियों को विद्युत वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने और किसानों सहित आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने विद्युत चोरी और अनियमितताओं के विरुद्ध सघन कार्रवाई करने तथा राजस्व वसूली



के निर्धारित लक्ष्य पूरे करने पर जोर दिया। ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए पांच या अधिक घरों वाली बसाहटों का सर्वे कराने तथा एसएसटीडी और वर्क प्लान के कार्य समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पी.के. क्षत्रिय, एम.ए. कुरैशी, एस.के. निगम, ए.के. तिवारी, एस.आर. यमदे, पी.के. अग्रवाल और नीरज कुचिया सहित तीनों विद्युत वृत्तों के अधीक्षण अभियंता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जूनियर राष्ट्रीय वुशू स्पर्धा के लिए मप्र दल चेन्नई पहुंचा

जबलपुर। चेन्नई में 28 से 2 नवंबर तक आयोजित 25वीं जूनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप में भाग लेने मध्य प्रदेश का 33 सदस्यीय दल चेन्नई पहुंच गया है। प्रदेश दल में 33 प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। मप्र वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में दल ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दल में वीर सिंह राजपूत, नंदिनी पटेल, प्रियांशी चौहान, राम प्रकाश विश्वकर्मा, इशिका मरमट, कृतिका सिंह, मनीष विश्वकर्मा, अंबर सेन, प्रीतेश चावला, रुद्र प्रताप सिंह, सुशील राव, शिवम मिश्रा, बघेल सिंह, शिव पटेल, आदित्य रावत, आर्यन यादव, मिष्टी नामदेव, रेचल शर्मा, तनीषा रालोती, अवनी चौरसिया, शिवानी मिश्रा, अनुष्का पांडे, स्नेहा प्यासी, इच्छा तिवारी, अनुराग बरहा, समर्थ विश्वकर्मा, युवराज देवरिया, पवन यादव, परी भट्ट, शिवि श्रीवास्तव एवं अंशिका त्रिवेदी शामिल हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर अध्यक्ष, नवीन दुबे उपाध्यक्ष और सौरभ सुंदर सचिव ने ग्रहण किया पदभार

हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने संभाली कमान

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जबलपुर में बुधवार को नेतृत्व परिवर्तन के साथ नई कार्यकारिणी ने औपचारिक रूप से कमान संभाल ली। एसोसिएशन की निवर्तमान कार्यकारिणी ने सत्र 2026-2028 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार सौंपा। हाईकोर्ट परिसर स्थित एसोसिएशन हाल में दोपहर 1:30 बजे गरिमामय वातावरण में आयोजित समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशांक शेखर को कार्यभार सौंपा। इसी के साथ एसोसिएशन के नए कार्यकाल की शुरुआत हुई।

समारोह की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने की। इस अवसर पर निवर्तमान उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नवीन दुबे, निवर्तमान सचिव निखिल तिवारी, नवनिर्वाचित सचिव सौरभ सुंदर तथा मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश पांडे सहित चुनाव आयोग के सदस्य मंचासीन रहे। समारोह का शुभारंभ स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ।



निवर्तमान सचिव निखिल तिवारी ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं एसोसिएशन के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि परंपरा और निरंतरता इस प्रतिष्ठित संस्था की आधारशिला हैं। संस्था की गरिमा बनाए रखने और अधिवक्ताओं के हितों के लिए सामूहिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। निवर्तमान अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिले विश्वास, सहयोग और समर्थन के लिए एसोसिएशन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एसोसिएशन के चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग का सम्मान किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश पांडे और उनकी पूरी टीम को आभार स्वरूप पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इसके बाद औपचारिक रूप से पदभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी हुई। निवर्तमान अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशांक शेखर को, निवर्तमान उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नवीन दुबे को तथा निवर्तमान सचिव निखिल तिवारी ने नवनिर्वाचित सचिव सौरभ सुंदर को संबंधित पदों का प्रभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित सचिव सौरभ सुंदर ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता, एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी और युवा अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन हाई-टी के साथ हुआ।

सिद्धबाबा मोड़ के पास गाड़ी छोड़ कर कार चालक अंधेरे में फरार

बिना नंबर की कार से 17 पेटी अवैध शराब जब्त, चालक फरार

जबलपुर। चरगवां थाना पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की सफेद कार से 17 पेटी अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त की है। पुलिस को देखकर चालक कार लेकर भागने लगा। पीछा किए जाने पर वह सिद्धबाबा मोड़ के पास कार छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए खेतों में भाग निकला। पुलिस ने शराब और कार जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

चरगवां थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे के अनुसार, 28 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोटेगांव की ओर से चरगवां की तरफ आ रही बिना नंबर की सफेद कार में भारी मात्रा में शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने सनेर नदी मोड़ के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान गोटेगांव की ओर से संदिग्ध कार आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने कार का पीछा किया। चालक ने मेन रोड पर सिद्धबाबा मोड़ के पास कार खड़ी कर दी और अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर भाग गया। पुलिस ने आसपास तलाश की, लेकिन चालक का पता नहीं चल सका। कार की तलाशी लेने पर उसकी सीटों और डिक्की में शराब की 17 पेटियां रखी मिलीं।



पुलिस के मुताबिक, जब्त शराब में गोवा ब्रांड के 250 पाव, मैकडॉवेल्स व्हिस्की के 144 पाव, ओल्ड मंक रम के 48 पाव, मैकडॉवेल्स रम के 240 पाव, ब्लैक बकार्डी रम के 48 पाव, आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की की 12 बोतल और बडवाइजर बीयर के 24 केन शामिल हैं। इस तरह कुल 730 पाव, 12 बोतल और 24 केन बीयर बरामद की गईं। पुलिस ने शराब के साथ कार भी जब्त कर ली है।कार चालक के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

साइबेरिया सहित ठंडे देशों से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर पहुंचे प्रवासी पक्षी

नर्मदा के आंचल में विदेशी परिंदों का डेरा, गौरीघाट पर बढ़ी रौनक

जबलपुर। सर्दियों की दस्तक के साथ ही संस्कारधानी में विदेशी मेहमानों की आमद शुरू हो गई है। नर्मदा के तट, खासकर गौरीघाट, इन दिनों प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी से गुलजार हैं। साइबेरिया सहित अन्य ठंडे देशों से हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर पहुंचे इन परिंदों की जलक्रीड़ा और आसमान में अठखेलियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। सुबह और शाम के समय इन खूबसूरत पक्षियों को निहारने के लिए शहरवासी और सैलानी घाटों पर पहुंच रहे हैं।

प्रकृति प्रेमियों और बर्ड वॉचर्स के अनुसार, अक्टूबर की शुरुआत से ही प्रवासी पक्षियों का जबलपुर पहुंचना शुरू हो जाता है। ठंड और भोजन की तलाश में ये पक्षी भारत का रुख करते हैं। मौसम में बदलाव आने तक, आमतौर पर मार्च-अप्रैल तक, वे यहां के जलस्रोतों और आसपास के अनुकूल क्षेत्रों में रहते हैं। इसके बाद अपने मूल स्थानों की ओर लौट जाते हैं।



पक्षियों के लिए अनुकूल है जबलपुर का पर्यावरण

बर्ड वॉचर जगत फ्लोरा के मुताबिक, जबलपुर और आसपास का पर्यावरण पक्षियों के लिए अनुकूल है। उनके अनुसार, शहर के आसपास करीब 400 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें 100 से अधिक प्रजातियां विदेशी मेहमानों की हैं। इन प्रवासी पक्षियों की खास बात यह है कि वे सर्दियों में अनुकूल वातावरण और भोजन की उपलब्धता के कारण यहां आते हैं, जबकि उनका प्रजनन सामान्यतः अपने मूल देशों में ही होता है। नर्मदा के तटों पर पक्षियों की मौजूदगी न केवल प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाती है, बल्कि प्रकृति और जैव विविधता को करीब से देखने का अवसर भी देती है। गौरीघाट पर सुबह-शाम जुटने वाले लोग इन पक्षियों की गतिविधियों को देखकर रोमांचित हो रहे हैं।

पक्षियों को न खिलाएं नमकीन-बिस्कुट

प्रवासी पक्षियों को देखने पहुंचने वाले कई लोग उत्साह में उन्हें नमकीन, बिस्कुट, सेव, आटा और अन्य पैकेटबंद खाद्य सामग्री खिलाने लगते हैं। हालांकि, ऐसा करना पक्षियों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। मनुष्यों के लिए तैयार नमकीन और पैकेटबंद खाद्य पदार्थ उनके प्राकृतिक आहार का विकल्प नहीं हैं। पक्षियों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि उन्हें अनुकूल प्राकृतिक वातावरण में रहने दिया जाए और उनकी गतिविधियों में अनावश्यक हस्तक्षेप न किया जाए। नर्मदा तट पर आने वाले लोग भी इस बात का ध्यान रखें कि उनकी छोटी-सी सावधानी इन खूबसूरत मेहमानों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनाए रखने में मददगार हो सकती है।

बादल छाए, तापमान बढ़ा, वर्षा की संभावना

अर्नब तूफान से करवट ले रहा मौसम

जबलपुर। चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से मौसम में बदलाव हो रहा है। दिन में बादलों की वजह से गर्मी रही। अब शाम को ठंडी हवायें चलने लगी। मौसम विभाग की माने तो अर्नब चक्रवाती तूफान की वजह से अगले 24 घंटे के दौरान जिले में गरज चमक के साथ बौछारे पड़ सकती है। बादलों की वजह से तापमान में उछाल आई है। बुधवार को आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही है, जिससे तापमान को बढ़ने का मौका मिला और उमस भरी गर्मी हावी रही।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्नब तूफान केंद्र तटरेखा के निकट है। पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में यह तूफान 3 घंटे स्थिर रहा। तूफानी हवाओं के चलने और बारिश होने पर रेड अलर्ट किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 74 प्रतिशत और सायंकाल 69 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.14 व सूर्यास्त 5.34 बजे हुआ। पिछले वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 27.04 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.06 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तर पूर्वी हवाएं 10 से 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान छुटपुट वर्षा हो सकती है।

फ्लैक्स प्रिंटिंग दुकान में आग लगी, लाखों की मशीनें जलीं

जबलपुर। गोल बाजार स्थित पुराने जामदार अस्पताल के बगल में स्थित बुधवार की दोपहर 2.50 बजे आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही नगर निगम का दमकल अमला मौके पर पहुंचा। आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियों को लगाया गया। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। घटना के संबंध में नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोलबाजार स्थित पकंज विद्यार्थी के फ्लैक्स प्रीटिंग ग्राफिक्स प्रतिष्ठान विद्या श्री ग्राफिक्स में बुधवार की दोपहर अचानक आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक आग बुझाने का काम किया गया। इस दौरान दुकान में रखी गई मशीने जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपए के नुकसान होने की संभावना बताई जा रही है। आग लगने का कारण अज्ञात है।

चाकू व पिस्टल अड़ाकर पेट्रोल पंप में लूट

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम तेवर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने आए तीन अज्ञात लड़के बिना नंबर की एक्सिस में आए चाकू अड़ाकर व पिस्टल चमकाते हुए पेट्रोलपंप संचालक के हाथ से 10 हजार रुपए छीन लिए। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तेवर निवासी 18 वर्षीय रिलायंस पेट्रोल पंप संचालक अभिषेक झारिया और कर्मचारी संदीप बेन की ड्यूटी गत रात 10 बजे से थी। देर रात लगभग 1 बजे तीन अज्ञात लड़के बिना नंबर की एक्सिस से आए और 100 रूपये का पेट्रोल डाले, और 500 रूपये दिये, उसने खुल्ले रूपये देने के लिए जेब से पैसे निकाले तो एक लड़के ने उसके पेट पर चाकू अड़ा दिया तथा दूसरे लड़के ने पिस्टल चमकाते हुए उसके हाथ में रखे लगभग 10 हजार रूपये छीन कर भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



अखण्ड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ व्रत आज

महिलाएं करेंगी पति की दीर्घायु की कामना



सिहोरा। हिंदू धर्म में सौभाग्यवति महिलाओं के अखण्ड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ वृत पर आज पूरी श्रृद्धा भक्तिभाव के साथ दिनभर निराहार और निर्जला व्रत रखते हुए सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना करती हैं। और शाम के समय शिव पार्वती,करवा माता की पूजा,आरती करने के साथ कथा सुनती हैं। इसके बाद शाम को चंद्रमा के निकलने का इंतजार करती हैं और चलनी की ओट से चन्द्रदेव एंव अपने जीवनसाथी के दर्शन करती है और चंद्रमा को अर्घ्य देते हुए अपने पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोलती हैं तथा अपने सास-ससुर और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए करवा चौथ का पारण करती हैं। पर्व को लेकर नगर के हृदय स्थल झंडा बाजार में ज्वेलर्स, चुडियां, मेंहदी, सौदर्य प्रसाधन की समग्री खरीदने महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली।

क्या कहती है वृतधारी महिलाएं



में परिवार की सुख सम्रद्धि के लिए लम्बे समय से करवा चौथ का उपवास रख रही हूं आज का दिन सिर्फ व्रत नहीं मेरे सुहाग की लम्बी उम्र और सुरक्षा के लिए ईश्वर से मेरी प्रार्थना है। सोलह श्रृंगार कर चन्द्रदेव का पूजन करुंगी।

श्रीमती बेबी विनय पाल पार्षद



शादी के बाद हर साल पति की लम्बी उम्र एंव सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर किया जाने वाला करवा चौथ का व्रत हमें याद दिलाता है कि हम एक-दूसरे के लिए कितने जरूरी हैं। ये सिर्फ परंपरा नहीं रिश्तों को मजबूत बनाने का भी दिन है।

श्रीमती नीलू पांडे, ग्रहणी



सुखी दाम्पत्य जीवन और पति परमेश्वर की लम्बी उम्र की कामना को लेकर किए जाने वाले इस उपवास का साल भर इंतजार रहता है इस दिन मेहंदी,चूड़ी,नई साड़ी,ज्वेलरी और सब सखियों के साथ मिलना और श्रंगार कर चन्द्रदेव का पूजन करना आज खुद को नई दुल्हन जैसा महसूस होता है।

श्रीमती रानू परौहा, ग्रहणी



पति की लम्बी उम्र अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर दिनभर निर्जला व्रत रखूंगी तथा भगवान शिव माता पार्वती,चन्द्रदेव एंव माता करवा का पूजन-अर्चन कर चन्द्रमा को अर्घ्य देकर चलनी की ओट से पति का दीदार करुंगी तथा उनके हाथों जल ग्रहण कर उपवास का परायण करुंगी।

श्रीमती रोशनी गर्ग, ग्रहणी

निबंध प्रतियोगिता में 8500 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा



जबलपुर। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था मित्र संघ द्वारा नगर निगम जबलपुर और मेगा माइंड के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में इस वर्ष 8500 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का यह लगातार सातवां वर्ष है। पिछले वर्ष इसमें 7000 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने स्वच्छता और विकसित जबलपुर में नगर निगम की भूमिका विषय पर, जबकि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश की उन्नति एवं वैश्विक प्रभाव विषय पर निबंध लिखे। दोनों वर्गों में प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 5100 और तृतीय पुरस्कार 3100 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 1500 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार तथा दोनों वर्गों में सर्वाधिक प्रतिभागियों वाले सात-सात स्कूलों को सम्मानित किया जाएगा। महापौर द्वारा दोनों वर्गों के विजेताओं को एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय संस्कृति, महापुरुषों के जीवन और जबलपुर के इतिहास एवं विकास पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित होगी।

रेल पेंशनर्स के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र और स्वास्थ्य शिविर

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल द्वारा पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। 31 अक्टूबर को केंद्रीय चिकित्सालय, जबलपुर के सभागृह में 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के पेंशनर्स के लिए शिविर आयोजित होगा। वहीं, 2 नवंबर से 30 नवंबर तक उमंग सामुदायिक भवन सहित सतना, कटनी, दमोह, सागर, नरसिंहपुर, पिपरिया और ब्यौहारी स्टेशनों पर मेगा कैंप लगाए जाएंगे। शिविर कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे।

मासिक काव्य गोष्ठी में साहित्यिक विमर्श, कृति का भी लोकार्पण



सिहोरा। नगर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'अभिव्यक्ति सिहोरा की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन अश्वनी कुमार पाठक वरिष्ठ साहित्यकार की अध्यक्षता,विजय बागरी विजय कवि के मुख्य आतिथ्य, साहित्यकार एंव समीक्षक डॉ श्रीकृष्ण तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ प्रमोद दाहिया द्वारा प्रस्तुत माँ सरस्वती की वंदना हुआ तथा संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती आशा निर्मल जैन की कृति 'आशा का उजियार' का अतिथियों एवं उपस्थित साहित्यकारों द्वारा लोकार्पण किया गया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. अरुणा पाण्डेय ने श्रीमती जैन की कृति की गहन एवं विचारोत्तेजक समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री पाठक ने भी कृति पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए गोष्ठी में काव्य पाठ करने वाले साहित्यकारों में लक्ष्मीनारायण पटेल,गुरुदयाल कनौजिया' दयाल',श्रीमती सुषमा खरे,सुशील जैन,श्रीमती आशा अवस्थी,सुशील शर्मा,मुकेश त्रिपाठी,नारायण तिवारी आदि ने विभिन्न रचनाओं के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज की। श्रीमती जैन ने अपने साहित्यिक उद्बोधन में अपनी सृजन-यात्रा,लेखन के अनुभवों तथा साहित्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर विचार साझा किए। संचालन नारायण तिवारी एंव आभार व्यक्त मुकेश त्रिपाठी ने किया।



मुख्यमंत्री से मिले अशोक रोहाणी जबलपुर के विकास पर चर्चा

जबलपुर। कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर जबलपुर के विकास और औद्योगिक विस्तार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने इंदौर–भोपाल–जबलपुर कॉरिडोर की सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। रोहाणी ने कहा कि कॉरिडोर से औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलने, रोजगार के नए अवसर सृजित होने और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। इससे जबलपुर सहित महाकौशल क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को भी नई दिशा मिल सकती है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज और जबलपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी उपस्थित रहे।



हितकारिणी महोत्सव में क्रीडा प्रतियोगिताओं का आयोजन

जबलपुर। हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा आयोजित हितकारिणी महोत्सव में विभिन्न साहित्यिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के आयोजनो की कड़ी में बुधवार को हितकारिणी महिला महाविद्यालय मैदान में हितकारिणी सभा द्वारा संचालित स्कुल एवं कालेजो के विद्यार्थियों के बीच बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि जिला बालीबाल संघ की सचिव श्रीमति नीलम जन्सोरिया रही। कार्यकम की अध्यक्षता विद्या परिषद के सचिव श्री जयेश राठौर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाकौशल कीडा परिषद के अध्यक्ष डॉ० प्रशान्त मिश्रा उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में श्री गजेन्द्र वैद्य, अशोक नामदेव एवं नवजोत सिद्धू उपस्थित थे। आज की प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर बालक वर्ग में विजेता हितकारिणी स्कूल देवताल तथा उपविजेता हितकारिणी चिन्ड्न एकेडमी जोन्सगन्ज तथा विद्यालय स्तर बालिका वर्ग में हितकारिणी स्केल बी०टी० तिराहा विजेता तथा हितकारिणी बी०एमडी स्कूल उपविजेता रहे।



छठ पूजा: अधारताल में टोकन से मिलेंगी बेदियां

जबलपुर। अधारताल तालाब में छठ पूजा की बेदियों की नंबरिंग कर टोकन के माध्यम से व्रतियों को स्थल आवंटित करने की व्यवस्था बनाई जाएगी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। व्यवस्था सफल होने पर शहर के अन्य छठ पूजा घाटों पर भी इसे लागू किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने संयोजक डॉ. राजेश जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को महापौर से मुलाकात कर यह मांग रखी। पदाधिकारियों ने बताया कि अधारताल तालाब में दशहरे के बाद से ही बेदियों का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने महापौर को फोटो और वीडियो दिखाकर बेदी निर्माण की अनुमति दीपावली के बाद देने की मांग की।महासंघ ने छठ पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश, पानी और सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ लाइफ जैकेट युक्त बोट उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। महासंघ के अनुसार, शहर में करीब 18 स्थानों पर छठ पूजा आयोजित होती है।प्रतिनिधिमंडल में जीपी विश्वकर्मा, अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, केएन सिंह यादव, प्रीति त्रिपाठी, संगीता उपाध्याय, प्रो. उज्ज्वल सिंह, बृज किशोर सिंह बिहारी, आरके चौबे, मुकेश दास और रणजीत चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्काउट-गाइड शिविर संपन्न
प्रतिभागियों ने पूरा किया पाठ्यक्रम



पाटन। भारत स्काउट एवं गाइड जिला जबलपुर का जिला स्तरीय द्वितीय सोपान जांच शिविर 24 से 28 अक्टूबर तक तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, पाटन में आयोजित किया गया। समापन समारोह में एसडीएम सृष्टि प्रजापति मुख्य अतिथि रहीं। जिला चीफ कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी, सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित मिश्रा, संयुक्त सचिव अमिता चौधरी और जिला सचिव वी.के. झारिया भी शामिल हुए। शिविर में जिले के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड ने भाग लेकर द्वितीय सोपान का पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। शिविर का संचालन स्काउट संचालक सुरेन्द्र चौधरी और गाइड संचालक अंजना वर्मा ने किया। अतिथियों ने स्काउट-गाइड गतिविधियों को विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और चरित्र निर्माण विकसित करने का माध्यम बताया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के प्रशिक्षार्थियों और प्रशिक्षकों की सहभागिता रही।



जैविक खेती में अंशुमाला धगट ने जीता प्रथम पुरस्कार, मिला 1.01 लाख का सम्मान

जबलपुर। बरेला क्षेत्र के ग्राम कलगुड़ी की महिला किसान अंशुमाला धगट ने जैविक कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सलकनपुर में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित स्व. प्रभाकर राव केलकर स्मृति गोवंश आधारित जैविक कृषि पुरस्कार प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए उन्हें 1 लाख 1 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस उपलब्धि के बाद अंशुमाला धगट ने मंगलवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा से मुलाकात की। इस दौरान परियोजना संचालक डॉ. इंदिरा त्रिपाठी और उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने उन्हें बधाई देते हुए अपने कृषि अनुभव अन्य किसानों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया। अंशुमाला धगट अपने कृषि परिसर में गिर गायों की गोशाला संचालित करती हैं। गोवंश से प्राप्त संसाधनों से जैविक खाद तैयार करने के साथ वे बायो रिसोर्स सेंटर, निजी वेदर स्टेशन और मल्टीलेयर फार्मिंग तकनीक का उपयोग कर रही हैं। उनका कृषि मॉडल कम भूमि में अधिक उत्पादन और रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है।



22 नवंबर को होगी सूर्य हाफ मैराथन, तैयारियों पर चर्चा

जबलपुर। सूर्य हाफ मैराथन 2026 के आयोजन को लेकर 28 अक्टूबर को मुख्यालय मध्य भारत एरिया, जबलपुर छावनी में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य भारत एरिया ने की। मैराथन 22 नवंबर को जबलपुर में आयोजित होगी। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं, जनभागीदारी, प्रायोजन और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर चर्चा की गई। उद्देश्य आयोजन को सफल बनाने के साथ जबलपुर की पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देना और नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत करना है। बैठक में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र पचौरी, अध्यक्ष दीपक सेठी, जिला उपाध्यक्ष मनु शरत तिवारी और जिला संरक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए। जबलपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी, होटल उद्योग, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, एमएसएमई और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और नागरिक प्रशासन ने मैराथन के सफल आयोजन के लिए सहयोग और समन्वय पर सहमति व्यक्त की।

निधन

श्री हेमंत कुमार मोटवानी- चावला अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री हेमंत कुमार मोटवानी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शारदा प्रसाद विनोदिया- गोपाल होटल आशा चक्की के पास लालमाटी निवासी श्री शारदा प्रसाद विनोदिया (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रानी देवी अग्रवाल- सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री महेश प्रसाद अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती रानी देवी अग्रवाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कंचन वासवानी- नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री गोपीचंद वासवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कंचन वासवानी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रानी मुखर्जी- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री सुभाष मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती रानी मुखर्जी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री हुब्बी लाल कोष्टा- बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी श्री हुब्बी लाल कोष्टा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कुसुम गुप्ता- नीमखेड़ा गौर निवासी श्री मुकेश गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम गुप्ता (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष कुमार यादव- शीतलामाई सर्वोदय स्कूल के पास निवासी श्री संतोष कुमार यादव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुनयना बाई- ग्राम धमकी शहपुरा निवासी श्री जगदीश प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती सुनयना बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रामवती बाई मिश्रा- रामनगर रांझी निवासी श्री महादेव प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती बाई मिश्रा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव- नव निवेश कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

डॉ. राजीव भटनागर- शीतलामाई निवासी डॉ. राजीव भटनागर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



चिंतन

कांग्रेस के लिए अब आत्ममंथन का समय

लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए केवल सत्ता पक्ष की कमियां गिनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प पेश करना भी जरूरी है। दुर्भाग्य से कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों चुनावी पारदर्शिता और वोट चोरी के आरोप प्रमुखता से छाए हुए हैं। राहुल गांधी विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। चुनाव सुधारों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इन सवालों के बीच जनता की वास्तविक समस्याएं और अपनी राजनीतिक कमजोरियां नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। चार राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का गंभीर अवसर है। खास बात यह है कि ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस लंबे समय से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग करती रही है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनावों में पार्टी की निराशाजनक स्थिति उसके राजनीतिक तर्कों की परीक्षा भी है। जिन चार सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां भी पार्टी अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकी। खासकर कर्नाटक में सरकार होते हुए भी चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सभी सवाल निराधार हैं, लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी हार का ठीकरा केवल व्यवस्था पर फोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद जनता का समर्थन नहीं मिल रहा, तो पार्टी को अपने संगठन, नेतृत्व, रणनीति, आत्ममंथन और जनसंपर्क की समीक्षा करनी चाहिए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध का भी निष्पक्ष आकलन जरूरी है। मतदाता सूची में गलत नामों को हटाना, मृत मतदाताओं और स्थान बदल चुके लोगों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी वास्तविक मतदाता का नाम अनुचित तरीके से कटता है, तो उसका विरोध भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए बहस का केंद्र यह होना चाहिए कि मतदाता सूची कितनी शुद्ध हुई और कहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार तो प्रभावित नहीं हुए। केवल नाम कटने की कुल संख्या के आधार पर न तो पूरी प्रक्रिया को गलत ठहराया जा सकता है और न ही उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस को आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी सामने रखने चाहिए। बता दें कि एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से करीब 13.37 करोड़ नाम हटाए गए, जो पूर्व मतदाता सूचियों के कुल मतदाताओं का लगभग 14.1 प्रतिशत है। कांग्रेस देश का प्रमुख विपक्षी दल है। लोकतंत्र में उसकी मजबूती केवल उसके अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी है। इसके लिए उसे चुनावी हार के कारणों का ईमानदारी से विश्लेषण करना होगा। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर देने, जनता के बीच निरंतर मौजूद रहने और ठोस नीतिगत विकल्प पेश करने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि चुनावी सफलता का रास्ता केवल विरोध से नहीं, बल्कि विकल्प बनने से निकलता है।



प्रदूषण

रोहित कौशिक

जहरीली हवा की गिरफ्त में जिंदगी

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता।

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता।

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता।

इस समय तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषक लंबे समय तक जमीन के करीब रहते हैं। इससे हवा में धूल, धुआं और हानिकारण गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में



इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निमार्ण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड ,नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाडड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसे होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।

नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजन मानोऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाडड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर ,राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है ?

दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। दरअसल हर साल अक्टूबर-नवम्बर होने वाले इस वायु प्रदूषण के लिए सरकारी नीतियां अपनी जगह जिम्मेदार हैं लेकिन इस सम्बन्ध में जब तक जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कोई सार्थक और ठोस हल नहीं निकल पाएगा। अब समय आ गया है कि हम इस वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गम्भीरता के साथ काम करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आस्था

महेन्द्र तिवारी



दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा है करवा चौथ पर्व

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है। इस व्रत की शुरुआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के करवे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है। जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है।

चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। छलनी का उपयोग इस बात का भी प्रतीक है कि दांपत्य जीवन में जो भी दोष या बुराइयां हों वे सब छनकर बाहर निकल जाएं और केवल प्रेम, विश्वास और शुद्धता ही शेष रहे। इसके पश्चात पति अपनी पत्नी को अपने हाथों से जल पिलाकर और कोई मिठाई खिलाकर उसका व्रत पूर्ण करवाते हैं। यह पर्व कृषि और प्रकृति से भी बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास में गेहूं की बुवाई का समय होता है। पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के करवे में गेहूं के दाने रखे जाते हैं जो अच्छी फसल और घर में समृद्धि की कामना का प्रतीक हैं। प्रकृति के पंचतत्वों में से एक जल का संरक्षण और उसका सम्मान भी इस व्रत में देखा जा सकता है। मिट्टी का पात्र, जल, चंद्रमा और अन्न, ये सभी प्राकृतिक तत्व इस पर्व को प्रकृति के अत्यंत समीप ले जाते हैं। वर्तमान समय में इस व्रत का स्वरूप थोड़ा विस्तृत हुआ है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न रहकर दो लोगों के बीच के गहरे भावनात्मक रिश्ते का उत्सव बन गया है। यह पर्व यह संदेश देता है कि वैवाहिक जीवन केवल कर्तव्यों का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह एक दूसरे की भलाई के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, सम्मान और निस्वार्थ प्रेम की एक यात्रा है। करवा चौथ का यह पावन पर्व सदियों से भारतीय समाज में पारिवारिक मूल्यों और दांपत्य जीवन की पवित्रता को सींचता आ रहा है और भविष्य में भी यह अपनी इसी गरिमा के साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग बना रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

- **भुवि भारद्वाज**, भिवानी

ट्रेंड

भारत-लिकटेंस्टीन संबंध



लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई। हमारी बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें कई क्षेत्रों में भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

-**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

कैप्टन मच्छार को बधाई



कैप्टन स्मित मच्छार को यूएई के प्रतिष्ठित सम्मान 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ ज़ायद II' से नवाजे जाने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए 170 से अधिक यात्रियों की सुरक्षा की और एक संभावित विमान हादसे को टाल दिया।

-**डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

पंजाब में गठबंधन



जिस व्यक्ति ने पंजाब में 736 करोड़ रुपये की ड्रग्स बेची और वह पैसा अपने बैंक खातों में जमा किया, अमित शाह अब उसी के साथ गठबंधन करके पंजाब को फिर से ड्रग्स में डुबोने की तैयारी कर रहे हैं। पंजाब के लोग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

आरोप-प्रत्यारोप का स्तर



भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, दुश्मनी, कड़वाहट, और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का स्तर इतना गिर गया है कि अब यह व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तरह बेलगाम हो गया है। यह व्यवहार अब असंसदीय, अभद्र, अपमानजनक और संकीर्ण सोच वाला हो गया है।

- **मायावती**, पूर्व सीएम, यूपी

करंट अफेयर

बुद्ध की शिक्षाएं अमेरिका और भारत के समाज को जोड़ती हैं



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध की सदियों पुरानी शिक्षाएं भारत और अमेरिका के समाजों को जोड़ती हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग एवं साझेदारी का बुनियादी आधार हैं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत का शाश्वत संदेश : प्राचीन काल से समकालीन समय तक बौद्ध धर्म' विषयक सम्मेलन में मंगलवार को विशेष संबोधन देते हुए क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं करीब 2,500 साल पुरानी होने के बावजूद आज भी प्रासंगिक हैं और दोनों देशों के समाजों को जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं और बुद्ध की शिक्षाओं को बौद्धिक रूप से आत्मसात करना दोनों देशों के मजबूत संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका को बौद्ध विचारों के अकादमिक अध्ययन और उनकी गहरी समझ का प्रमुख केंद्र बताया। क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को समझने का प्रयास करना ही किसी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं का मूल स्वरूप नहीं बदला है, बल्कि समय के साथ उनकी व्याख्याएं बदली हैं। उन्होंने बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है।

ऑफ बीट

ह्यूमन कंपोस्टिंग अर्थात मृत शरीर से खाद बनाना



अब न्यू साउथ वेल्स मानव शरीर के अंतिम संस्कार के एक अन्य तरीके को कानूनी अनुमति देने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य बन गया है। इसे 'ह्यूमन कंपोस्टिंग'' कहा जाता है। तकनीकी रूप से इसे 'नेचुरल ऑर्गेनिक रिडक्शन' और कानूनी तौर पर 'टेरामेशन' नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीवों की मदद से मानव अवशेषों को खाद जैसे पदार्थ में बदला जाता है। मानव शरीर को खाद में बदलने का विचार असामान्य या असहज लग सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है? क्या यह मौजूदा तरीकों से बेहतर विकल्प है? इन सवालों के जवाब के लिए पहले यह समझना जरूरी है कि अपघटन कैसे होता है और प्रकृति में इसकी क्या भूमिका है। इतिहास में मनुष्यों ने मृतकों के शरीर को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और उन्हें वस्त्र पहनाने के लिए अलग-अलग परंपराएं विकसित की हैं। कुछ लोग चाहते हैं कि शरीर जल्दी मिट्टी में मिल जाए, जबकि दूसरे उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं। प्राचीन दफन पात्रों और भव्य कब्रों से लेकर ताबूतों, कफन और शव को रासायनिक पदार्थों से संरक्षित करने की परंपराओं तक, इन तौर-तरीकों में सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं झलकती हैं।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मस्क ने दी चेतावनी-सैकड़ों एआई कंपनियां हो सकती है बंद, फूटेगा गुब्बारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की दुनिया में इस वक्त एक बड़ा सवाल घूम रहा है। क्या एआई का गुब्बारा फूटने वाला है या फिर इसमें से सिर्फ अतिरिक्त हवा निकल रही है। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क की एक हालिया चेतावनी ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है।

- एआई क्लाउड सेक्टर में बड़े पैमाने पर कंपनियां बंद होने वाली हैं

मस्क ने कहा है कि एआई क्लाउड सेक्टर में बड़े पैमाने पर कंपनियां बंद होने वाली हैं। उनकी इस बात ने उस बाजार में नया दबाव बना दिया है, जो पहले से ही गिरते बांड दाम के साथ कर्ज से बने डेटा सेंटर्स को लेकर परेशान है। मस्क का अनुमान है कि नियोक्लाउड कंपनियों में तबाही आने वाली है। हालांकि दूसरी तरफ एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि कंप्यूटिंग क्षमता की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

200 से ज्यादा नियोक्लाउड कंपनियां खत्म हो जाएंगी

नियोक्लाउड कंपनियों के शेयर गिरे

मस्क के इस बयान के बाद कोरवीव, नेबियस, आईआरईएन जैसी नियोक्लाउड कंपनियों के शेयर गिर गए. करीब दो हफ्ते पहले भी अमेरिकी ब्याज दरें बढ़ने की आशंका से कोरवीव के साथ नेबियस के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। कोरवीव के 2032 में पूरे होने वाले बांड की कीमत प्रति डॉलर 80 सेंट से नीचे आ गई है। ये स्तर बताता है कि निवेशकों को कंपनी के कर्ज चुकाने की क्षमता पर गहरा शक है। असली समस्या ग्राहकों की कमी नहीं है। नियोक्लाउड कंपनियां भविष्य की कमाई के भरोसे भारी कर्ज लेकर महंगे जीपीयू खरीदती हैं। जब कर्ज महंगा होता है, तो मांग रहने के बाद भी इनका गणित बिगड़ जाता है।



नियोक्लाउड पर संकट : नियोक्लाउड ऐसी खास क्लाउड कंपनियां होती हैं जो ताकतवर जीपीयू से भरे डेटा सेंटर बनाती हैं या किराए पर लेती हैं। इसके बाद वे इस कंप्यूटिंग क्षमता को एआई डेवलपर्स को किराए पर देती हैं। मस्क का मानना है कि 200 से ज्यादा नियोक्लाउड कंपनियां खत्म हो जाएंगी या बड़ी कंपनियों में मिल जाएंगी। उन्होंने साफ कर दिया कि स्पेसएक्स ऐसी किसी कंपनी को नहीं खरीदेगी।

गार्टनर के आंकड़ों ने खड़े किए बड़े सवाल

रिसर्च फर्म गार्टनर का अनुमान है कि एआई कंपनियां 2026 में इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब 1 ट्रिलियन डॉलर खर्च करेंगी। इसके बाद 2027 से 2030 के बीच 6 ट्रिलियन डॉलर का अतिरिक्त खर्च होगा। गार्टनर के मुताबिक इस निवेश, कर्ज की लागत के साथ 12 फीसदी रिटर्न निकालने के लिए डेटा सेंटर मालिकों को 2030 तक कुल 8.5 ट्रिलियन डॉलर की कमाई करनी होगी। लेकिन इस दौरान एआई डेटा सेंटर्स से सिर्फ 3.6 ट्रिलियन डॉलर की कमाई होने का अनुमान है।

बड़ी तबाही की आहट


बाजार के जानकार एड यार्डेनी ने कहा कि एआई का गुब्बारा फूट नहीं रहा है, बल्कि उसमें से सिर्फ हवा निकल रही है। उनके मुताबिक कर्ज की सख्त शर्तें फिजूलखर्ची को रोक सकती हैं, जिससे एआई का असली विकास प्रभावित नहीं होगा। अगर कर्ज देने वाले कमजोर कंपनियों से ज्यादा ब्याज मांगेंगे, तो बिना मजबूत आधार वाले प्रोजेक्ट बंद हो जाएंगे। कम पैसे वाली कंपनियों को अपनी संपत्ति बेचनी पड़ेगी या खरीदार ढूंढने होंगे। वहीं मजबूत फंड वाली कंपनियां निवेश जारी रखेंगी।

छोटी कंपनियां हो सकती है दिवालिया

गार्टनर ने चेतावनी दी है कि 2030 के अंत तक 3.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च डूबने के खतरे में पड़ सकता है। रिपोर्ट का ये भी कहना है कि तब तक नियोक्लाउड सेक्टर की ये छोटी कंपनियां या तो दिवालिया हो जाएंगी या बिक जाएंगी। साथ ही तेजी से बेहतर होते चिप्स के कारण पुराने उपकरण अपनी लागत निकालने से पहले ही बेकार हो सकते हैं।

खबर संक्षेप

एलएंडटी के शुद्ध लाभ में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी



नई दिल्ली। इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 32.5 प्रतिशत बढ़कर 5,202.10 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,926.09 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

वेदांता का दूसरी तिमाही लाभ बढ़कर हुआ दोगुना

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 3,650 करोड़ रुपये हो गया। इसकी वजह जिंसों की ऊंची कीमतें, विदेशी मुद्रा विनिमय दरों का अनुकूल रुख और अधिक मात्रा में उत्पादन रहा।

टीवीएस का लाभ 50 फीसदी बढ़कर 1,194.51 करोड़



नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की परिचालन आय में भी 38.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 795.48 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

एचयूएल का लाभ 2,796 करोड़ रुपए पर स्थिर

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग के उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 2,796 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,791 करोड़ रुपये रहा था। एचयूएल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उत्पादों की बिक्री से कंपनी का राजस्व 14.77 प्रतिशत बढ़कर 18,037 करोड़ रुपये हो गया।

हुंडई मोटर के मुनाफे में 24 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 24 प्रतिशत घटकर 1,196.16 करोड़ रुपये रह गया। लागत बढ़ने से कंपनी के लाभ में गिरावट आई है। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 1,572.25 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 20,696.05 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 17,460.82 करोड़ रुपये थी।

खनन क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की गिरावट का असर

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 6.7 प्रतिशत पर आई

- विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से उत्पादन प्रभावित
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 फीसदी कर दिया गया
- विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। खनन क्षेत्र में गिरावट और विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार प्रभावित हुई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर को आठ प्रतिशत से संशोधित कर 7.8 प्रतिशत कर दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र में उत्पादन 11.2 प्रतिशत बढ़ा।

विनिर्माण क्षेत्र का भारांक 76 प्रतिशत

वहीं, सितंबर में खनन एवं संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन में 6.2 प्रतिशत की गिरावट आई। अगस्त में भी इस क्षेत्र का उत्पादन 4.6 प्रतिशत घटा था। विनिर्माण क्षेत्र का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में करीब 76 प्रतिशत भारांक है। इस क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 8.6 प्रतिशत रही थी।

उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई

हालांकि, क्रिसिल की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने के बावजूद उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मासिक आधार पर नरमी की मुख्य वजह पिछले साल का ऊंचा आधार और खनन एवं बिजली उत्पादन में कुछ सुस्ती रही।



अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया : बनर्जी ने कहा, "त्योहारों की बिक्री की उम्मीद में अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया था। इसके अलावा, जीएसटी दरों के युक्तिकरण से खपत को मिले शुरुआती प्रोत्साहन का असर धीरे-धीरे कम होना और पिछले साल के ऊंचे आधार ने भी सितंबर के आंकड़ों को प्रभावित किया।"

खनन क्षेत्र की वृद्धि दर घटी : इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने भी कहा कि आधार प्रभाव और खनन क्षेत्र की नकारात्मक वृद्धि से सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। उन्होंने कहा, "हमारा अनुमान है कि आधार प्रभाव की वजह से अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर आठ से नौ प्रतिशत के दायरे में रह सकती है।"

उत्पादन में पूंजीगत वस्तुओं का सबसे बड़ा योगदान

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में मध्यवर्ती, प्राथमिक और पूंजीगत वस्तुओं का सबसे अधिक योगदान रहा। सितंबर के आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रही।

इन क्षेत्रों का रहा योगदान

एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों में से 17 ने सितंबर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इनमें मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर का विनिर्माण, बिजली के उपकरणों का विनिर्माण तथा रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण प्रमुख योगदान देने वाले क्षेत्र रहे।

एफएमसीजी के उत्पादन में वृद्धि

उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, सितंबर में प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में चार प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 10.4 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 12.2 प्रतिशत और बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में छह प्रतिशत और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

19,000 करोड़ के मोबाइल पीएलआई पर सरकार को मिला 3 लाख करोड़ का जीएसटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मोबाइल फोन उद्योग को 19,000 करोड़ रुपये का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) देने के बदले इस क्षेत्र से कुल 3.25 लाख करोड़ रुपये कर के रूप में जुटाए हैं।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने इस योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया और इसके बदले लाभार्थियों से 25,000 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर तथा तीन लाख करोड़ रुपये जीएसटीके रूप में प्राप्त किए। वैष्णव ने कहा, ''इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। केवल मोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में 12 लाख लोग काम करते हैं। अब और ज्यादा कोशिश करें। मंत्री की यह 'पोस्ट' एक मीडिया टिप्पणी वाले वीडियो के जवाब में आई। इस वीडियो में सार्वजनिक धन से सब्सिडी देकर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने की भारत की कोशिश की खामियों का दावा किया गया था और इसकी तुलना चीन में मौजूद परिवेश से की गई थी। सब्सिडी की मदद से करदाताओं के पैसे से बनाए गए तैयार मोबाइल फोन के निर्यात से भारत को जितना लाभ होता है, उससे अधिक खर्च उसे कलपुर्जों के आयात पर करना पड़ता है। सरकार द्वारा मार्च में साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये मूल्य के मोबाइल फोन का निर्यात किया।



- सूचना मंत्री वैष्णव ने बताया, मोबाइल फोन उद्योग को दिया गया प्रोत्साहन
- इलेक्ट्रानिक विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख लोगों को मिलता है रोजगार

योजना का उद्देश्य भारतीय स्मार्टफोन विकसित करना

इस योजना का उद्देश्य ऐसे भारतीय स्मार्टफोन विकसित करना है, जिनका डिजाइन और विनिर्माण देश में ही किया जाएगा। वैष्णव ने भारतीय स्मार्टफोन ब्रांड के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अक्टूबर 2028 की समयसीमा तय की है।

रिलायंस और आईटी शेयरों की बिकवाली से बाजार नीचे आया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 353 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल के दाम में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दर पर फैसले से पहले सतर्क रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 352.64 अंक टूटकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान इसमें भारी गिरावट आई थी जिसकी काफी हद तक भरपाई हो गई। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 995.1 अंक लुढ़क कर दिन के निचले स्तर 72,603.57 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 50.90 अंक की गिरावट के साथ 22,698.85 अंक पर बंद हुआ। चुनिंदा शेयरों में निवेशकों की लिवाली से व्यापक बाजार में तेजी रही। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.85 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर कारोबार के पहले दिन करीब 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।



- सेंसेक्स 353 अंक, निफ्टी 22,700 अंक नीचे आया
- कच्चे तेल के दाम में आई तेजी, फेड के फैसले पर नजर

इन शेयरों में रहा नफा- नुकसान

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.46 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.34 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.83 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 1.68 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.42 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.37 प्रतिशत नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही।

कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कच्चे तेल की कीमतों में नए सिरे से तेजी और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और बाजार में गिरावट आई।

- चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर

सोना 700 रुपए चढ़कर 1.46 लाख रुपए पर, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये में गिरावट के चलते राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बना रहा। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 95.28 प्रति डॉलर पर आ गया।

सेबी एफपीआई के अनुपालन नियमों की करेगा समीक्षा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए अनुपालन संबंधी नियमों की समीक्षा करेगा और नियमों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने पर सुझाव के लिए एक परामर्श पत्र जारी करेगा। इसके साथ, निवेशकों के संरक्षण और बाजार की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय बरकरार रखे जाएंगे। पांडेय ने स्वीकार किया कि भारत में अनुपालन संबंधी कुछ आवश्यकताएं अन्य प्रमुख देशों के मुकाबले अधिक कड़ी हैं। घरेलू बाजारों में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए मौजूदा नियमों की समीक्षा की जा रही है।

पश्चिम मध्य रेल

सूचना संख्या : **JBP/C/NFR/E-Tender/26**, दिनांक : **22.10.2026**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), जबलपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से जबलपुर मंडल के विभिन्न आय अर्जन एवं लीज अनुबंधों हेतु ई–निविदाएं (E-Tender) आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार है :

क्र.सं : 1 **श्रेणी** : रेलवे परिसर में बाह्य विज्ञापन, **निविदा/ई–नीलामी सूचना संख्या** : ADVT-JBP-JBP-OH-176-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण** : जबलपुर एवं मदन महल रेलवे स्टेशनों पर गैन्ट्री गेटों का निर्माण, संचालन एवं हस्तांतरण के आधार पर प्रावधान। उक्त गैन्ट्री गेटों पर LED अथवा अन्य उन्नत डिजिटल मूविंग डिस्प्ले माध्यम से कुल उपलब्ध प्रदर्शन समय का 50% समय वाणिज्यिक विज्ञापनों के प्रदर्शन हेतु तथा शेष 50% समय रेलवे संबंधी सूचनाओं के प्रदर्शन हेतु निर्धारित रहेगा। कुल गैन्ट्री गेटों की संख्या : 02 (दो), **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय** : 03-11-26, 11:00:00, **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय** : 03-11-26 ,11:30:00

क्र.सं : 2 **श्रेणी** : रेलवे परिसर में बाह्य विज्ञापन, **निविदा/ई–नीलामी सूचना संख्या** : ADVT-JBP-JBP-OH-174-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण** : जबलपुर रेलवे स्टेशन के परिभ्रमण क्षेत्र एवं गैर–परिभ्रमण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 02 (दो) गैन्ट्री गेट तथा मदन महल रेलवे स्टेशन पर 01 (एक) गैन्ट्री गेट की स्थापना एवं रखरखाव, वाणिज्यिक विज्ञापनों एवं रेलवे संबंधी सूचनाओं के प्रदर्शन हेतु पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए किया जाना है। विज्ञापनों के प्रदर्शन के अतिरिक्त, लाइसेंसधारी द्वारा अपने स्वयं के व्यय पर कुल डिस्प्ले क्षेत्र के 50% भाग पर रेलवे प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित रेलवे संबंधी सूचनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।, **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय** : 03-11-26, 11:10:00, **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय** : 03-11-26, 11:40:00

क्र.सं : 3 **श्रेणी** : रेलवे परिसर में बाह्य विज्ञापन, **निविदा/ई–नीलामी सूचना संख्या** : ADVT-JBP-JBP-OH-177-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण** : जबलपुर शहर के गैर–परिभ्रमण क्षेत्रों में उपयुक्त स्थानों पर होर्डिंग एवं यूनिपोल संरचनाओं के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना, जिसमें रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित रेलवे भूमि, रेलवे कॉलोनियों, रेलवे स्कूल, समपार फाटक (लेवल क्रॉसिंग) तथा अन्य रेलवे परिसर शामिल हैं। इन स्थानों का विवरण संलग्न परिसंपत्ति–स्थान संबंधी दस्तावेजों में दिया गया है। संलग्न दस्तावेजों में चिन्हित एवं सूचीबद्ध स्थान प्रयोजन हेतु न्यूनतम चिन्हित स्थान माने जाएंगे। विज्ञापन संरचनाओं की स्थापना हेतु उपलब्ध अन्य उपयुक्त स्थान भी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति तथा सभी लागू सुरक्षा मानकों (संलग्न JPO के अनुसार) एवं रेलवे नियमों के अनुपालन के अधीन लाइसेंसधारी को आवंटित किए जा सकेंगे। ऐसे अतिरिक्त स्थानों का आवंटन अनुबंध में निर्धारित लागू नियमों एवं शर्तों के अनुसार आनुपातिक आधार (Pro-rata Basis) पर किया जाएगा।, **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय** : 10-11-26, 12:00:00, **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय** : 10-11-26, 12:30:00

क्र.सं : 4 **श्रेणी** : रेलवे परिसर में बाह्य विज्ञापन, **निविदा/ई–नीलामी सूचना संख्या** : ADVT-JBP-REWA-OH-178-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण** : रीवा, सतना, कटनी एवं सागर रेलवे स्टेशनों के गैर–परिभ्रमण क्षेत्रों में उपयुक्त स्थानों पर होर्डिंग एवं यूनिपोल संरचनाओं के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना, जिसमें रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित रेलवे भूमि, रेलवे कॉलोनियाँ, रेलवे स्कूल, समपार फाटक (लेवल क्रॉसिंग) तथा अन्य रेलवे परिसर शामिल हैं। इन स्थानों का विवरण संलग्न परिसपति–स्थान संबंधी दस्तावेजों में दिया गया है। संलग्न दस्तावेजों में चिन्हित एवं सूचीबद्ध स्थान इस प्रयोजन हेतु न्यूनतम चिन्हित स्थान माने जाएंगे। विज्ञापन संरचनाओं की स्थापना हेतु उपलब्ध अन्य उपयुक्त अतिरिक्त स्थान भी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति तथा सभी लागू सुरक्षा मानकों (संलग्न JPO के अनुसार) एवं रेलवे नियमों के अनुपालन के अधीन लाइसेंसधारी को आवंटित किए जा सकेंगे। ऐसे अतिरिक्त स्थानों का आवंटन अनुबंध में निर्धारित लागू नियमों एवं शर्तों के अनुसार आनुपातिक आधार (Pro-rata Basis) पर किया जाएगा।, **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय** : 10-11-26, 12:10:00, **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय** : 10-11-26, 12:40:00 ।

नोट : इच्छुक बोलीदाता विस्तृत जानकारी हेतु आईआरईपीएस (IREPS) की ई–टेंडर/लीजिंग मॉड्यूल वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण देख सकते हैं : IREPS वेबसाइट उपरोक्त सभी लॉटों का विस्तृत विवरण संबंधित कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। निविदा संबंधी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के सूचना पट्ट पर भी देखी जा सकती है। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. NO./ PWD/2026-27/E-tendring/PRO 710 **लोककर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना** Date - 28/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_543150_1 02/11/2026	संभाग क्रमांक-04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत हाथीताल J—Block, D, E एवं F Block सामने पेवर ब्लाक लगाने का कार्य स (पार्षद अनुशंसा) (प्रथम निविदा)	02 माह रू 4.20	2000/- 4210/-	16//11/2026
2.	2026_UAD_543150_2 02/11/2026	संभाग क्रमांक-04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत बेलासिंह स्कूल के पास, नरेन्द्र डेरी लक्की भाटिया के निवास के पास, छोटा गुरुद्वारा श्री चाना निवास के बाहर एवं सूची अनुसार अन्य स्थानों में पुलिया निर्माण एवं सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) (प्रथम निविदा)	03 माह रू 8.44	2000/- 8450/-	16//11/2026
3.	2026_UAD_543150_3 02/11/2026	गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत हाथीताल में लायब्रेरी भवन के समीप शौचालय निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य । (पार्षद अनुशंसा) (प्रथम निविदा)	03 माह रू 4.29	2000/- 4290/-	16//11/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-04 नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 4667 / जि.भू.अ./2026 **(प्रारूप क) नियम 04** सिवनी, दिनांक 15/10/2026

राज्य सरकार, समुचित सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर यथा स्थिति संबंधित ग्राम पंचायत कोसमी तहसील बरघाट परामर्श से निम्न भूमि का अधिग्रहण सिवनी - बालाघाट मार्ग (राज्य राजमार्ग क्रमांक-72) का सिवनी बायपास सहित 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर में हाइब्रिड एन्युटी मोड (HAM) के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण कार्य हेतु करना चाहती है, और लोक प्रयोजन के लिये सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है, अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 04 के प्रावधानो एवं भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (प्रतिकर पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन, विकास योजना) नियम 2015 के अनुसार किया जाएगा।

1	परियोजना विकासक का नाम	संभागीय प्रबंधक, म.प्र. सडक विकास निगम लिमिटेड संभाग छिंदवाडा
2	भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन	सिवनी-बालाघाट मार्ग (राज्य राजमार्ग क्रमांक-72) का सिवनी बायपास सहित 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर में हाइब्रिड एन्युटी मोड (HAM) के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण
3	अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के सदस्यों का विवरण	1. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी बरघाट 2. तहसीलदार, बरघाट 3. वन परिक्षेत्र अधिकारी बरघाट जिला सिवनी 4. सहायक कृषि विस्तार अधिकारी बरघाट जिला सिवनी 5. कार्यपालन यंत्री, जलसंसाधन विभाग संभाग क्र. - 1 सिवनी 6. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) सिवनी
4	भूमि का विवरण	
क	जिला	सिवनी
ख	तहसील	बरघाट
ग	ग्राम / नगर	कोसमी
घ	कुल प्रभावित क्षेत्र	10.443 हे.
ड	अर्जित होने वाला क्षेत्र	शासकीय भूमि 0.527 हे. एवं निजी भूमि 9.916 हे.
5	प्रस्तावित परियोजना संक्षिप्त विवरण	सिवनी-बालाघाट मार्ग (राज्य राजमार्ग क्रमांक-72) का सिवनी बायपास सहित 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर में हाइब्रिड एन्युटी मोड (HAM) के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण हेतु
6	परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र	ग्राम कोसमी परियोजना क्षेत्र 10.443 हे. एवं प्रस्तावित क्षेत्र 10.443 हे.
7	क्या ग्राम सभा और या भूमि धारक की सहमति अपेक्षित है	नहीं
8	सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किये जाने की तारीख	अधिसूचना प्रकाशन से छः माह के भीतर

1. अर्जित की जाने वाली उपरोक्त प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं भू-अर्जन अधिकारी बरघाट जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उपरोक्त प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण संभागीय प्रबंधक, म.प्र. सडक विकास निगम लिमिटेड व्ही.आई.पी. (सरकुलर) रोड फॉरेस्ट कॉलोनी छिंदवाडा संभाग छिंदवाडा में किया जा सकता है।

(नेहा मीना)
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक

केंद्रीय शिक्षा मंत्री जोशी ने विधान परिषद चुनावों में प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा

मत पत्र हो या ईवीएम कांग्रेस पार्टी का नतीजा एक जैसा ही ताजा हार के बाद राहुल को देश से माफी मांग लेनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को हाल ही में हुए विधान परिषद चुनावों में खराब प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। जोशी ने तंज कसते हुए कहा, मत पत्र हो या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), कांग्रेस पार्टी का नतीजा एक जैसा ही रहता है। उन्होंने विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस के एक भी सीट नहीं जीतने पर यह टिप्पणी की। 2026 के विधान परिषद चुनावों के नतीजे 4 राज्यों की 28 सीटों पर घोषित किए गए हैं। इन राज्यों में बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र शामिल हैं।

महाराष्ट्र में भी कांग्रेस का यही हाल

कांग्रेस 3 राज्यों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। महाराष्ट्र में भी पार्टी मुकाबले में पीछे है। वहां 5 सीटों के लिए मतगणना जारी है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच मुकाबला चल रहा है।

मतपत्र से चुनाव तो भी कांग्रेस साफ



जोशी ने कहा, कांग्रेस लगातार वोट चोरी का मुद्दा उठाती है। वह लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी सवाल करती है। जब चुनाव के नतीजे उसके पक्ष में नहीं आते, तो वह व्यवस्था को दोष देने लगती है। कांग्रेस शासित कर्नाटक का खास तौर पर जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा।विधान परिषद के मौजूदा सदस्य भी अपनी सीटें नहीं बचा सके। उन्होंने कहा, जब मतपेटी के जरिए चुनाव हुए, तब भी पार्टी जीत दर्ज नहीं कर सकी।

ये नेता भी बोले

जनता ही सर्वोपरि: अनंत



अनंत सिंह (जदयू प्रत्याशी / पटना में हारने वाले नेता)ने हार पर कहा कि मतगणना पूरी हो गई है और हम हार गए। वोट खरीदे थे? जनता ही सर्वोपरि है।

जिधर नीतीश कुमार, उधर हम: नीरज



नीरज कुमार (जदयू विजेता ने कहा कि मैं जीत का श्रेय नीतीश कुमार,सम्राट चौधरी, उपेंद्र कुशवाहा को देता हूं।

मैं पार्टी का विश्वास नहीं टूटने दूंगा: उमेश



उमेश द्विवेदी (भाजपा विजेता - लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र) में हैट्रिक जीत दर्ज करने पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो मेरे ऊपर विश्वास किया है, यह विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभारी हूं। यह जीत शिक्षकों के सहयोग से मिली है।

बैलेट पेपर चुनाव में भी कांग्रेस हारी: झा

संजय झा (जदयू कार्यकारी अध्यक्ष) ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा और एक भी सीट नहीं जीत पाई। एमएलसी चुनाव में बैलेट पेपर से वोटिंग होती है। इसके बावजूद ऐसी हार उनके सांगठिक कमजोरियों को दर्शाती है।



2027 में सपा की सरकार बनेगी: शिवपाल



यूपी के परिणामों पर शिवपाल सिंह यादव (सपा नेता ने कहा कि यह समाजवादी पार्टी के लिए शुभ संकेत है और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एकजुटता से सपा की सरकार बनेगी।

खबर संक्षेप

आजम की 426 करोड़ की संपत्ति अटैच

प्रयागराज। प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के



पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान की रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतों को अटैच करने की कार्रवाई की है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अटैच की गई संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फिल्म महोत्सव की अंतिम तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 के लिए



मीडिया प्रत्यायन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 नवंबर कर दी है। सिनेमा की इस नई दुनिया का अनुभव करने के लिए प्रतिनिधि के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं।प्रत्यायन पोर्टल से फार्म जमा कर सकते हैं।

नालंदा मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, सभी सस्पेंड

नालंदा। मेडिकल कॉलेज में छात्रों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज में नए एडमिशन



लेने वाले स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग के मामले में प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 2025 बैच के सभी 146 छात्र-छात्राओं को 3 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। कॉलेज के प्रिंसिपल ने यह आदेश दिया है।

निर्दलीय विधायक उमेश ने विस से इस्तीफा दिया

गैरसैंण। उत्तराखंड के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से



इस्तीफा दे दिया। हरिद्वार जिले की खानपुर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले कुमार ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस के असहयोगात्मक रवैये से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। हमने विपक्ष (कांग्रेस) को हर मुद्दे पर सहयोग दिया।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने आंध्र प्रदेश और यानम में मचाई तबाही

आंध्र प्रदेश में 5 की मौत, 50 से ज्यादा ट्रेनें और उड़ानें रद्द, कई जगह पेड़ गिरे

ओडिशा में सरकार ने रेड अलर्ट जारी किया

तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश और यानम के तटीय इलाकों में टकराना शुरू कर दिया है, जिससे वहां भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश, तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में प्रशासन ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं।मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के केंद्र में हवा की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रति घंटा है, जो झोंकों के साथ 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रही है।

पिछले तीन घंटों में तूफान 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। अनुमान है कि शुरुआत में धीमी गति से उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ेगा और फिर उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर रुख करेगा। बुधवार तड़के अर्णब आंध्र प्रदेश के तट के पास टकराया। इस पूरी प्रक्रिया में 6 घंटे से अधिक का समय लगा। चक्रवात से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई।



यहां भारी बारिश से बाढ़ का भी खतरा मंडरा रहा

मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी

भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि तूफान के जमीन की ओर बढ़ने के दौरान हवा की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। हवा के झोंकों की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका है। मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, रायगड़ा, गजपति और कालाहांडी में बेहद भारी बारिश और रेड अलर्ट जारी किया है।

रेल मंत्री रख रहे करीबी नजर

रेल पटरियों पर 10 जगह गिरे पेड़, तेजी से हटाया गया



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि'अर्नब' के टकराने के बाद रेलवे नेटवर्क पर 10 जगहों पर पेड़ गिर गए थे। राहत टीमों ने तत्परता दिखाते हुए सभी स्थानों से पेड़ों को तुरंत हटाकर ट्रैक साफ कर दिया।

नायडू ने शाह से की बात

आंध्र प्रदेश के सीएमएन. चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर 'अर्नब' से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीमों की मदद बढ़ाने का अनुरोध किया है। केंद्र से अपील की है कि चक्रवाती तूफान से हुए जान-माल और फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीमों को जल्द से जल्द आंध्र प्रदेश भेजने को कहा है।



आंधी से उखड़े सैकड़ों पेड़-खंभे समुद्र में फंसा सल्फर से लदा मालवाहक जहाज

आंध्र प्रदेश के अंतर्वेदी के पास समुद्र में सल्फर ले जा रहा एक मालवाहक जहाज रास्ते से भटकने के बाद उथले पानी में फंस गया। यह घटना चक्रवात अर्नब के बीच सामने आई है। जहाज विशाखापत्तनम से रवाना हुआ था। बताया जा रहा है कि इंजन में खराबी आने के बाद जहाज अपना रास्ता भटक गया और अंततः अंतर्वेदी के पास समुद्र में फंस गया। संबंधित अधिकारियों के निरीक्षण के बाद जहाज की स्थिति का आकलन किया जाएगा और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

झारखंड के कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद

'अर्नब'सेभारी बारिश को देखते हुए झारखंड सरकार ने कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में बुधवार और गुरुवार को स्कूल बंद रहेंगे।

कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में उठे 'अर्नब' के प्रभाव से झारखंड में मौसम बदला है। रांची समेत कई जिलों में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। आईएमडी ने रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

संविधान देता है गारंटी: वैष्णव

डीपीडीपी प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम का कोई भी प्रावधान प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता है। इस कानून को लेकर मीडिया जगत में जताई जा रही व्यापक चिंताओं के बीच वैष्णव ने कहा कि संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है। उन्होंने संपादकों और मीडिया पेशेवरों को इस अधिनियम के प्रावधानों पर सरकार के साथ खुली चर्चा के लिए आमंत्रित भी किया। वैष्णव का यह बयान डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) द्वारा एक दिन पहले डीपीडीपी अधिनियम और इसके नियमों के कुछ प्रावधानों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के बाद आया है।

सुप्रीम कोर्ट में 17 नवंबर को सुनवाई

डीएनपीए 21 समाचार प्रकाशकों का प्रतिनिधित्व करता है। समाचार प्रकाशकों ने दलील दी है कि इस अधिनियम में पत्रकारिता संबंधी गतिविधियों के लिए विशेष छूट नहीं दिए जाने से खोजी पत्रकारिता प्रभावित हो सकती है और प्रेस की स्वतंत्रता के समक्ष खतरा पैदा हो सकता है। उच्चतम न्यायालय नेकेंद्र से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय की है। समाचार संस्थानों की दलील है कि व्यक्तिगत डेटा से जुड़े नोटिस, सहमति और डेटा मिटाने संबंधी प्रावधानों के कारण पत्रकारों के लिए जनहित के मुद्दों पर रिपोर्टिंग मुश्किल हो सकता है। कथित अनियमितताओं की जांच के दौरान ऐसी बाधाएं आ सकती हैं।

पत्रकारिता की स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होगी

वैष्णव ने इन आशंकाओं पर कहा कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता की गारंटी भारत का संविधान देता है। यह स्वतंत्रता पूर्ण रूप से उपलब्ध है। पत्रकारिता की स्वतंत्रता को प्रभावित करने की कोई मंशा भी नहीं है। इस तरह, निजता कानून पत्रकारिता की स्वतंत्रता को पूरी तरह बनाए रखता है, इसकी गारंटी संविधान देता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल निजता का अधिकार सुनिश्चित करने वाला यह कानून उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ही बनाया गया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा

'ब्रिंग बैक बैलेट' इंस्टा ब्लॉक केंद्र और मेटा से जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'ब्रिंग बैक बैलेट' नाम के इंस्टाग्राम खाते को ब्लॉक करने के खिलाफ दायर एक याचिका पर केंद्र सरकार और मेटा प्लेटफॉर्म्स से उनका पक्ष बताने को कहा है। इंस्टाग्राम हैंडल पर चुनावों में मत पत्र के इस्तेमाल का समर्थन करने वाली सामग्री प्रकाशित की जाती थी। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने 27 अक्टूबर को अकाउंट संचालक, संगठन 'मिशन सेव कॉन्स्टिट्यूशन' और इसके संस्थापक वकील महमूद प्राचा की



याचिका पर नोटिस जारी किया और 6 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। जिस दिन संगठन ने जंतर-मंतर पर 'ब्रिंग बैक बैलेट- ईवीएम हटाओ, देश बचाओ' नाम से एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का प्रस्ताव रखा, उसी दिन उसे पता चला कि भारत में उसका 'ब्रिंग बैक बैलेट' हैंडल उपलब्ध नहीं है।

मद्रास हाईकोर्ट ने साफ की स्थिति

गैरहिंदुओं को नहीं मिलेगा मंदिर में प्रवेश, परंपरा से समझौता नहीं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने आगम मंदिरों में प्रवेश को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जो गैर-हिंदू श्रद्धा व्यक्त करने का संकल्प लेने या पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करने से इनकार करते हैं, उन्हें आगम मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से मंदिरों की धार्मिक पवित्रता प्रभावित होगी। यह फैसला के थंगम वेंकटेश की जनहित याचिका के बाद आया है, जिसमें 'तमिलनाडु मंदिर प्रवेश प्राधिकरण अधिनियम'



को सख्ती से लागू करने और नियमों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति पी मुरुगन की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यह फैसला केवल आगम मंदिरों पर लागू होता है। आगम मंदिर प्राचीन ग्रंथों के अनुसार बनाया जाता है, प्रतिष्ठित किया जाता है।

मंत्रिमंडल ने कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी

कंटेनर के आयात पर निर्भरता घटेगी व आपूर्ति मजबूत होगी

10,000 करोड़ रुपए के आवंटन वाली योजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दी

वैष्णव ने कहा-केंद्रीय बजट में की गई थी घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कंटेनर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ के आवंटन वाली 'कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दी। यह योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना का उद्देश्य कंटेनर के आयात पर निर्भरता कम करना और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। इसके तहत नई



विनिर्माण इकाइयों की स्थापना और मौजूदा इकाइयों की क्षमता बढ़ाने में सहायता दी जाएगी। देश में कंटेनर के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई थी।

योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल की बैठक में कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। यह योजना 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना के तहत पात्र विनिर्माताओं को ब्याज सब्सिडी, परिचालन व्यय सहायता, परीक्षण प्रमाणन सहायता तथा भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता दी जाएगी।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकीलों का तांडव

न्यायमूर्ति पर नाराजगी

न्यायमूर्ति के कक्ष में तोड़फोड़ की समूहों में से कुछ ने नारेबाजी की

न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बुधवार को वकीलों ने न्यायमूर्ति अजय भनोट के अदालत कक्ष में कथित तौर पर तोड़फोड़ की। न्यायमूर्ति भनोट के अदालत कक्ष में पहुंचने पर वकीलों ने विरोध किया और उनमें से कुछ ने नारेबाजी भी की। वकीलों के एक समूह ने मेज-कुर्सियों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाया। यह घटनाक्रम एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को



मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के एक दिन बाद हुआ है। पत्र में आरोप लगाया कि 27 को न्यायमूर्ति भनोट ने एक अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव को अपमानित किया।

एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई

पत्र के मुताबिक पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी अपर शासकीय अधिवक्ता (एजीए) के पीछे वाली पंक्ति में बैठे थे। इसी दौरान एक वकील ने यह कहते हुए उनसे पीछे की पंक्ति में बैठने को कहा कि वह सीट उनकी नहीं है। आरोप है कि इस पर एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई और कहा कि वह इसकी शिकायत न्यायाधीश से करेंगे।

खरगे के आवास पर कल होगा 'जन महाभियोग' कार्यक्रम

सीईओ ने संविधान और प्रावधानों का उल्लंघन किया

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसकी जानकारी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है तथा वह 'द्वेषपूर्ण जोड़ी' के इशारे पर काम कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आधिकारिक आवास पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ 'जन महाभियोग' आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अन्य स्थानों पर आयोजन की अनुमति नहीं मिलने के बाद 'इंडिया जनबंधन' 30 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे खरगे के आवास '10, राजाजी मार्ग' पर ज्ञानेश कुमार का 'जन महाभियोग' आयोजित करेगा।

ज्ञानेश कुमार द्वेषपूर्ण जोड़ी के इशारे पर काम कर रहे



रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सीईसी ने स्पष्ट रूप से संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है। उन्होंने सुनियोजित तरीके से हमारे चुनावी लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर किया है। साफ शब्दों में कहें तो उन्होंने उच्चतम न्यायालय से झूठ बोला है कुमार द्वेषपूर्ण जोड़ी के इशारे पर काम करते हुए उनके हाथों का औज़ार बन गए हैं। अगली बारी उन दोनों की होगी।

आम लोगों की आवाज को 'दबा' रहे

कांग्रेस ने दावा किया था कि उसे सीईओ ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'जन महाभियोग' कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई और आरोप लगाया था कि सरकार चुनावी व्यवस्था को 'नष्ट' करने के बाद अब आम लोगों की आवाज को 'दबाने' का प्रयास कर रही है।

बाद में रद्द कर दी गई अनुमति : वेणुगोपाल

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दावा किया था कि



सरकार द्वारा संचालित अशोक होटल ने शुरुआत में कार्यक्रम करने की अनुमति दे दी थी, लेकिन बाद में पुलिस के हस्तक्षेप पर इसे रद्द कर दिया। 25 अक्टूबर से 3 तक रामलीला मैदान बुक कराया है।

सजना के लिए सजने बाजारों में जमकर खरीददारी

पति की दीर्घायु की कामना का पर्व करवा चौथ आज



जबलपुर। पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाएं आज करवा चौथ का निर्जला व्रत रखेंगी और शाम को चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का समापन करेंगी। करवा चौथ का व्रत पिछले कुछ वर्षों से बड़े उत्साह और आधुनिकता के साथ इस दिन महिलाएं और युवतियां पूरे साजो श्रंगार के साथ अपने सजना के लिए सजती है। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में काफी चहल पहल रही। नई नई साड़ियों के साथ लहंगा चूड़ी बिंदी आदि सौंदर्य प्रसाधन की जमकर खरीदारी हुई। दूसरी ओर पूजन समाग्री के लिए करवा और धान की बाली आदि की जमकर बिक्री हुई। ज्योतिष शास्त्रीयों के मुताबिक करवा चौथ के दिन गुरुवार को चंद्रमा रात 08.15 बजे नजर आएगा। यह पर्व पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है।

पंडित पीएल गौतमाचार्य के मुताबिक यह व्रत दाम्पत्य जीवन में मनमुटाव को दूर करने के साथ चंद्रमा के प्रभाव से मन को शीतलता भी प्रदान करता है। करवा चौथ के व्रत में मिट्टी से बने करवा में पूजन सामग्री रखकर भगवान चंद्रदेव को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन माता पार्वती और भगवान भोले शंकर जी के पूजन का विधान है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी को होता है। इस दिन करवे की पूजा की जाती है। यह पर्व पार्वती देवी की आराधना का पर्व है। माता पार्वती जी को स्त्रियों के अक्षत सुहाग का प्रतीक माना गया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक माता सीता ने भी मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को पति के रूप में प्राप्त करने के बाद माता पार्वती की आराधना करते हुए सर्वप्रथम कार्तिक चतुर्थी का व्रत किया था।

पूजन विधि

करवा चौथ के दिन व्रत रखें और एक पटे पर जल से भरा लोटा रखें। मिट्टी के एक करवे में गेहूं और ढक्कन में चांवल, गुड़ आदि से गणपति की पूजा करें। रोली से करवे पर स्वास्तिक बनाएं और 13 बिंदियां रखें। स्वयं भी बिंदी लगाएं और गेहूं के 13 दाने दांए हाथ में लेकर कथा सुने। कथा सुनने के बाद अपनी सासूजी के चरण स्पर्श करें और करवा उन्हें दे दे। पानी का लोटा और गेहूं के दाने अलग-अलग रख लें। रात्रि में चंद्रोदय होने पर पानी में गेहूं के दाने डालकर उसे अर्घ्य दें फिर भोजन करें। यदि कहानी पंडिताइन से सुनी हो तो गेहूं, चीनी और पैसे उसे दे दे। यदि बहन बेटी हो तो गेहूं चीनी व पैसे उसे दे दे।

1 नवंबर को होगा 27वां रयान मिनिथॉन



जबलपुर। स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 27वां रयान मिनिथॉन 2026 रविवार, 1 नवंबर को जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। रयान स्पोर्ट्स क्लब द्वारा सेंट जेवियर्स एवं रयान इंटरनेशनल स्कूल, जबलपुर के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे शिवाजी ग्राउंड में शुरू होगा।आयोजन डॉ. ए.एफ. पिंटो और ग्रेस पिंटो के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मिनिथॉन के माध्यम से बच्चों और युवाओं को नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता, अनुशासन और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस दौड़ का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि विकसित करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों और युवा प्रतिभागियों से शामिल होने की अपील की गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक प्रतिभागियों से हिस्सा लेकर स्वास्थ्य और खेल भावना का संदेश देने का आग्रह किया है। मिनिथॉन में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।

भाजपा की बैठक आज, राकेश सिंह करेंगे संबोधित

जबलपुर। भाजपा जबलपुर महानगर की बैठक गुरुवार, 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि बैठक में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर चर्चा होगी। मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी से बैठक में शामिल होने की अपील की है।



सुबह 3 बजे उठकर की प्रैक्टिस, अब मैनेजर के इंतजार में महिला खिलाड़ी

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीवीवी) से संबद्ध कॉलेजों की महिला बैडमिंटन खिलाड़ियों की अहमदाबाद में होने वाली प्रतियोगिता से पहले मुश्किलें बढ़ गई हैं। खिलाड़ियों का आरोप है कि एक माह से टीम मैनेजर की नियुक्ति नहीं हुई है। खिलाड़ियों ने बताया कि वे प्रतियोगिता की तैयारी के लिए सुबह 3 बजे उठकर अभ्यास कर रही हैं। टिकट बुकिंग और आवश्यक शुल्क का भुगतान भी उन्होंने स्वयं किया है। इसके बावजूद मैनेजर तय नहीं होने से प्रतियोगिता में भागीदारी को लेकर असमंजस बना हुआ है। खिलाड़ियों के अनुसार, वे विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। उन्होंने अधिकारियों से जल्द मैनेजर नियुक्त करने की मांग की है, ताकि वे समय पर प्रतियोगिता में शामिल हो सकें।

अंतर रेल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में तरनजीत कौर तकनीकी अधिकारी नियुक्त



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में पदस्थ तरनजीत कौर को 49वीं अखिल भारतीय अंतररेल बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता के लिए तकनीकी अधिकारी नामित किया गया है। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली ने उनकी नियुक्ति की है। प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक सिकंदराबाद, तेलंगाना में आयोजित होगी। मुकाबले लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के संचालन में तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।तरनजीत कौर की नियुक्ति पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, पमरे खेलकूद संघ के अध्यक्ष मनोज गुरुमुखी, महासचिव जी.पी. शिव नारायण, जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी मधुर वर्मा और मंडल खेलकूद अधिकारी शशांक गुप्ता सहित रेल अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



पीजीआई रैंकिंग सुधारने जुटा शिक्षा विभाग, दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जबलपुर। भारत सरकार की पीजीआई रैंकिंग में जिले का प्रदर्शन बेहतर करने के लिए जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 27 और 28 अक्टूबर को डाइट में दो दिवसीय यूडाइस प्लस प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में यूडाइस प्लस की सही प्रविष्टियों, परख सर्वे, शैक्षणिक सुविधाओं और अधोसंरचना से जुड़े घटकों पर प्रशिक्षण दिया गया। कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों की पहचान कर उनमें सुधार करने पर जोर दिया गया। पहले दिन पाटन, शहपुरा, सिहोरा और मझौली तथा दूसरे दिन जबलपुर ग्रामीण, नगर एक, नगर दो, कुंडम और पनागर विकासखंड के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के नियंत्रक आर.के. पांडे ने निर्माण कार्यों और अधोसंरचना सुधार पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में योगेश शर्मा, यूडाइस प्रभारी पारुल राय, एपीसी राजेश तिवारी, सुरेंद्र जैन, आशीष श्रीवास्तव, प्रकाश चंदेल, अजय रजक, हरमेश सेन, संतोष ठाकुर और रत्नेश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति



जबलपुर। एमआर गीता चंद्र वेलफेयर सोसाइटी ने अधारताल स्थित नर्मदा सेलिब्रेशन में आयोजित कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, आर्थिक सहायता और मेंटरिंग योजना से जोड़ा। संस्था ने चार वर्ष पहले 23 विद्यार्थियों के साथ इस योजना की शुरुआत की थी। संस्था के अनुसार, पहले बैच के मोहित साहू ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि गंगा रावत ने भी टॉप किया। खेलों में मान्या तिवारी विशु गेम में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचीं।

संस्था के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त एयरफोर्स अधिकारी तथा रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति ग्रुप कैप्टन प्रो. विजयकांत वर्मा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर हर बच्चे का अधिकार है। संस्था शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। इसके तहत गीता माधुरी रसोई के माध्यम से विक्टोरिया अस्पताल के गैंग्रीन और टीबी वार्ड के मरीजों को प्रतिदिन निःशुल्क पौष्टिक भोजन दिया जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दैनिक यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने संस्था के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रो. संजय तिवारी, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. जयदीप अरोड़ा और बिहारी लाल ढेंगरा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी सहभागिता की।

अंतर हितकारिणी वॉलीबॉल में देवताल स्कूल विजेता

जबलपुर। हितकारिणी महोत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित अंतर हितकारिणी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हितकारिणी स्कूल देवताल ने बालक वर्ग में विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का आयोजन हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा हितकारिणी महिला महाविद्यालय मैदान में किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।विद्यालय स्तर के बालक वर्ग में हितकारिणी स्कूल देवताल विजेता और हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी जोंसगंज उपविजेता रही। बालिका वर्ग में हितकारिणी स्कूल बीटी तिराहा विजेता और हितकारिणी बीएमडी स्कूल उपविजेता बना।महाविद्यालय स्तर के पुरुष वर्ग में हितकारिणी विधि महाविद्यालय ने पहला और हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में भी हितकारिणी विधि महाविद्यालय विजेता और हितकारिणी महिला महाविद्यालय उपविजेता रहा। कार्यक्रम में जिला वॉलीबॉल संघ की सचिव नीलम चंसोरिया मुख्य अतिथि, विद्या परिषद सचिव जयेश राठौर अध्यक्ष और महाकौशल क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. प्रशांत मिश्रा विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक गजेंद्र वैद्य, अशोक नामदेव और नवजोत सिद्धू रहे। संचालन क्रीड़ा अधिकारी दिनेश ठाकुर ने किया।



गैरिसन ग्राउंड में 12 दिसंबर को 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह प्रस्तावित

जबलपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में 12 दिसंबर 2026 को 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह प्रस्तावित है। तैयारियों को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने समीक्षा बैठक की। महापौर के अनुसार, समारोह में 61 समाजों के जोड़े शामिल होंगे। शासन की ओर से पात्र वधुओं के खातों में 49-49 हजार रुपये की राशि भेजी जाएगी। इसके अतिरिक्त महापौर की ओर से वर-वधुओं को विशेष उपहार दिए जाएंगे। आयोजन में सभी घराती-बाराती और जनप्रतिनिधि एक साथ भोजन करेंगे। योजना का लाभ लेने के लिए बीपीएल राशन कार्ड अनिवार्य बताया गया है। इच्छुक परिवारों से 25 नवंबर 2026 तक पंजीयन कराने की अपील की गई है। आयोजन में नगर निगम के साथ विभिन्न संस्थाएं भी सहयोग करेंगी। बैठक में एमआईसी सदस्य विवेकराम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद अर्चना सिसोदिया, प्रतिभा भापकर, सोनिया रंजीत सिंह, उपायुक्त अंकिता जैन, योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा और कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे उपस्थित रहे।

लव-कुश की प्रस्तुति ने मोहा मन, श्रद्धा से मनी महर्षि वाल्मीकि जयंती



जबलपुर। वाल्मीकि समाज जबलपुर द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह महर्षि वाल्मीकि चौक पर फल-प्रसाद वितरण किया गया, जबकि शाम को भंवरताल गार्डन स्थित संस्कृति थियेटर में मुख्य समारोह आयोजित हुआ। कार्यरम का शुभारंभ कैंट विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, रमेश बोहित और समाज अध्यक्ष रूप किशोर चौहान रूपेश ने दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह में रामायण के लव-कुश कांड पर आधारित नृत्य प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रही। कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भावविभोर किया। अशोक रोहाणी ने महर्षि वाल्मीकि की रामायण को भारतीय संस्कृति और साहित्य की अमूल्य धरोहर बताया। वहीं, रूप किशोर चौहान ने समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में दिनेश मछंदर, राजेंद्र पथरोल, बलराम वाल्मीकि, धरमदास बघेल, जीत सिंह महरौलिया, शंभू कच्छवाहा, राजेश मट्टू, विजय महरौलिया, संध्या चौहान, शकुन कच्छवाहा और दया डागोर सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

सुंदरकांड के तीन वर्ष पूर्ण, मंदिर में अखंड मानस पाठ और भंडारा



जबलपुर। सिद्ध पीठ नरहरि श्री गणेश हनुमान मंदिर में तीन वर्षों से निरंतर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ के उपलक्ष्य में अखंड मानस पाठ एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। आयोजन मंदिर संस्थापक अशोक प्यासी दद्दू और अध्यक्ष राजेश बड़गैया के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर महामंत्री पंकज दुबे, नगर उपाध्यक्ष अभय सिंह, अजय तिवारी, वरिष्ठ नेता अनिल तिवारी और विवेक नायक उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने अखंड मानस पाठ में सहभागिता कर भगवान श्रीराम और हनुमान जी का स्मरण किया। पाठ की पूर्णाहुति के बाद आरती की गई और श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई। भंडारे में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों और मातृशक्ति ने भाग लिया। इस अवसर पर पार्षद जीतू कटारे, राहुल साहू, सुनील गोस्वामी, हरदेश राजपूत, दिलीप पटेल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, नरेश पटेल, उमेश तिवारी, अनिल शर्मा, आलोक मिश्रा, अमित उपाध्याय, हेमंत साहू, हिमांशु बड़गैया, मोहित प्यासी सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
स.क्रं /11/181/2026-27/ दिनांक 28/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुनीता देवी पति श्री धमेन्द्र कुमार मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 234 फेस 1 चेतन्य सिटी संपत्ति के पिन क्रमांक 2000358000 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1192 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राजीव शर्मा पिता श्री विजय प्रकाश शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
स.क्रं /11/180/2026-27/ दिनांक 27/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्रगति पांडे पति श्री भूपेन्द्र कुमार पांडे ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ड्यूप्लेक्स नं. ए/20 सृजन विहार चग्गर फार्म संपत्ति के पिन क्रमांक 1001877287 पर दर्ज निर्मित भूतल 572 वर्गफुट, प्रथम तल 542 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती भारती यादव पिता श्री महादेव प्रसाद यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, Army No 9514949F HAV KRISHNA PUJARI S/O RAMU SIDARAY PUJARI presently, residing at VTC MADABHAVI, PO MADABHAVI, SUB DISTRICT ATHANI, DISTRICT BELGAUM STATE KARNATAKA PIN 591232 I, have changed name and date of birth of my **MOTHER** from name **SHEELAVVA** and date of birth **15/08/1960** (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name **SHILAVVA RAMU PUJARI** and date of birth **01/01/1953** (name and date of birth as per my **MOTHER, AADHAR CARD AND PAN CARD)** vide affidavit dated **28/10/2026** formerly before Public Notary Jabalpur MP

CORRECT NAME
SHILAVVA RAMU PUJARI
INCORRECT NAME
SHEELAVVA
CORRECT DATE OF BIRTH
01/01/1953
INCORRECT DATE OF BIRTH
15/08/1960

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, Army No 9514949F HAV KRISHNA PUJARI S/O RAMU SIDARAY PUJARI presently, residing at VTC MADABHAVI, PO MADABHAVI, SUB DISTRICT ATHANI, DISTRICT BELGAUM STATE KARNATAKA PIN 591232 I, have changed name and date of birth of my **FATHER** from name **RAMU** and date of birth **20/04/1955** (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name **RAMU SIDARAY PUJARI** and date of birth **01/01/1952** (name and date of birth as per my **FATHER, AADHAR CARD AND PAN CARD)** vide affidavit dated **28/10/2026** formerly before Public Notary Jabalpur MP

CORRECT NAME
RAMU SIDARAY PUJARI
INCORRECT NAME
RAMU
CORRECT DATE OF BIRTH
01/01/1952
INCORRECT DATE OF BIRTH
20/04/1955

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/169/2026-27
दिनांक:- 09/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बिबिन बाबू पिता वदक्केडत मैथुनी लाल ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के मकान 554 एस एफ सविता इनक्लेव अम्बा अपार्टमेंट समपत्ति के पिन क्रमांक 100400565 पर द्वितीय तल 1000 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/निशिकान्त कुशवाहा पिता के.पी. कुशवाहा 2. सीमा पटेल पति निशिकांत नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
स.क्रं /11/118/2026-27/ दिनांक 24/09/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि काविज श्रीमति सुषमा बर्मन पति श्री मोहन लाल बर्मन ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1505/1E संपत्ति के पिन क्रमांक 1000386912 पर दर्ज निर्मित भूतल 330 वर्गफुट(कच्चा) पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दान पत्र/ शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ अनु. विक्रय पत्र / वसीयतनामा / त्यागपत्र / रिलीज डीड / बंटवारानामा के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमती पंचराम पिता/पति सगडू राम का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
स.क्रं /11/119/2026-27/ दिनांक 24/09/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि काविज श्री मोहन लाल बर्मन पिता श्री छोटे लाल बर्मन ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1505/1E संपत्ति के पिन क्रमांक 1000387481 पर दर्ज निर्मित भूतल 330 वर्गफुट(सीमेंट शीट) पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दान पत्र/ शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ अनु. विक्रय पत्र / वसीयतनामा / त्यागपत्र / रिलीज डीड / बंटवारानामा के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमती अरविंद कुमार पिता/पति सुखदेव कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जबलपुर (म.प्र.)
क्रमांक / 143 / वि.अधि. / 2026
जबलपुर दिनांक 22/09/2026
// सार्वजनिक सूचना //

हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 के तहत
विषय - हिन्दु विवाह पंजीयन का प्रकाशन बाबत।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज भटनागर पिता श्री प्रमोद भटनागर निवास का पता-234/2 दक्षिण मिलौनिगंज छोटा फुहारा जबलपुर एवं आवेदिका पूजा कोरी पिता स्व. चंद्रशेखर कोरी निवास का पता- 290 गोपाल बाग उपरेनगंज जबलपुर के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 की धारा 5 के अंतर्गत हिन्दु विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 22/09/2026 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित हिन्दु विवाह पंजीयन के विरूद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 04/11/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला- जबलपुर (म.प्र.)

मुद्रा

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक LIG-07 श्रीमती कमलेश रॉय पति श्री एस.एस. रॉय के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.11.1994 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती कमलेश रॉय पति श्री एस.एस. रॉय ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.10.2026 के माध्यम से श्री गगन आनंद पिता स्व. श्री सुनील आनंद को विक्रय किया है। अतः श्री गगन आनंद पिता स्व. श्री सुनील आनंद द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज /आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण भूखण्ड बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

सनातन विरोधी शत्रु शक्तियों के षड्यंत्रों को करना है विफल, हिंदू धर्म ग्रंथों में मिलावट का करेंगे पर्दाफाश

त्रिदिवसीय अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन (AIOC) का भव्य शुभारंभ होगा 29 से

हमारे महान पूर्वजों, देवी-देवताओं व अवतारी सत्ताओं पर आरोप लगाकर बदनाम करने का हो रहा षड्यंत्र : स्वामी रामदेव

52वें प्राच्य विद्या सम्मेलन में शामिल होंगे शीर्ष धर्मगुरु, सनातन शास्त्र शुद्धिकरण अभियान का होगा शुभारंभ

हरिद्वार, 28 अक्टूबर। पतंजलि विश्वविद्यालय में आगामी 29 से 31 अक्टूबर 2026 को आयोजित 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के सन्दर्भ में पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज तथा श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में दिव्य योग मंदिर, कृपालु बाग आश्रम, कनखल में एक प्रेस-वार्ता आयोजित की गई।



षड्यंत्र के तहत सनातन धर्म को पूरी दुनिया में बदनाम करने का कुत्सित प्रयास

प्रेसवार्ता में पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी साजिश की जा रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता को मद्यपान और मांसाहार करने वाला कह कर, आदि योगी, महायोगी भगवान शिव को नशेड़ी, गजेड़ी कह कर, गांजा फूंकने वाला कह कर, योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण को रास लीलाओं के नाम पर विलासिता करने वाला कह कर, भगवान ब्रह्मा को अपनी बेटी के साथ दुराचार करने वाला कह कर और देवी-देवताओं को दुराचारी, बलात्कारी कहने वाला कह कर सनातन को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। विगत 1000 सालों में मुगलों व अंग्रेजों द्वारा सनातन को बदनाम करने के लिए सनातन धर्म के ही कुछ शास्त्रों में जानबूझकर मिलावट की गई है। इन्हीं मिलावटी शास्त्रों का आश्रय लेकर मनुस्मृति सहित अलग-अलग स्मृति ग्रंथों, ब्राह्मण ग्रंथों, आरण्यक ग्रंथों और मूलतः 18 पुराणों में सनातन धर्म के ऊपर आरोप लगाने के लिए प्रक्षेप (मिलावट) कर दिया गया। इतने घिनौने आरोप लगाए गए हैं कि सनातन धर्म के प्रति हमारी आने वाली पीढ़ियों को घृणा नफरत हो जाए।

सनातन धर्म में सभी जातियाँ समान, सभी जातियाँ महान, मत-पंथ-जाति-सम्प्रदाय व किसी प्रकार का लिंग भेद नहीं

स्वामी जी मनुस्मृति का उल्लेख करते हुए कहा कि जहाँ नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है। जिसको शुद्र कोटि का, अधम कोटि का या सामान्य कोटि का कहा जाता है, वह मनुष्य भी यदि उत्तम काम करे तो ब्राह्मण हो जाता है। और कोई ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हो कर भी अधम कार्य करता है तो शुद्रवत हो जाता है। सनातन धर्म में वर्णव्यवस्था जन्म आधारित नहीं, अपितु कर्म आधारित है।

सनातन धर्म में किसी भी जाति का अपमान नहीं है। सभी जातियाँ समान हैं, सभी जातियाँ महान हैं। सनातन धर्म में न तो शुद्र का अपमान है, ना स्त्रियों का अपमान है बल्कि स्त्रियों और शूद्रों सहित सभी मनुष्य और जड़-चेतन, जीव-जगत को भगवान का मूर्त स्वरूप, विग्रहवान स्वरूप माना है। सनातन धर्म को स्त्री और शूद्रों का अपमान करने वाला कह करके विदेशियों ने एक साजिश के तहत आपस में फूट डाली। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र आदिवासी, वनवासी भारतवासियों को आपस में लड़ावाया गया। यदि आप सनातन की भाषा में कहे तो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र सभी अपने-अपने वर्णाश्रम धर्म का पालन करें। आज की नई राजनीतिक भाषा में स्वर्णों, अछूतों, अगड़े-पिछड़ों व ओबीसी के नाम पर और न जाने कैसे-कैसे नए भेद की दीवारें खड़ी कर दी।

हम सभी एक कुल, सभी ब्रह्मकुल की संतान, जहाँ भेद है- वह वेद है ही नहीं

पूज्य स्वामी जी ने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार हम सबका एक ही कुल है- ब्रह्मकुल। अलग-अलग कालखंड में अलग-अलग आजीविकाओं के आधार पर उनके गुण, कर्म, स्वभाव के अनुरूप अलग-अलग नाम दे दिए गए। आज भी क्लास-वन ऑफिसर, क्लास-टू ऑफिसर, फोर्थ क्लास कर्मचारी के नाम पर यह व्यवस्था जारी है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, जाति सूचक शब्द नहीं हैं अपितु कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था है। जो अज्ञान को मिटाए वह ब्राह्मण, जो अन्याय को मिटाए वह क्षत्रिय, जो अभाव को मिटाए वह वैश्य और जो अपवित्रता को मिटाए और समाज में शुचिता स्थापित करे वह शुद्र है। प्राचीनकाल में जाति का कोई तात्पर्य ही नहीं था। हमने ही जातियों के नाम पर भेद डाले, भेद और भेदभाव वेद और सनातन धर्म के विरुद्ध हैं। जहां-जहां भेद है, वह वेद है ही नहीं। यजुर्वेद में तो कहा है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र का कोई भेद नहीं है। कुछ सनातन विरोधियों ने भेद के नाम पर लोगों को एक दूसरे के सामने लड़ने के लिए खड़ा कर दिया और आपस में घृणा व नफरत पैदा कर दी। भेद के नाम पर आपस में फूट करके विदेशियों द्वारा 100 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की लूट भारत से की गई। मात्र 10 व्यक्तियों के घरानों ने आजादी के पहले 200-250 साल में 100 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की लूट की। विदेशियों की लूट ने, आपस की फूट में और षड्यंत्रकारी ताकतों के द्वारा फैलाए गए झूठ ने इस देश को तबाह करके रखा हुआ है।

शास्त्रों में मिलावट से सनातन हिन्दु धर्म को पूरी दुनियां में बदनाम करने का षड्यंत्र

पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के शास्त्रों में जो मिलावट हो रही है इस पर भी योजना-पूर्वक एक समिति का गठन करके और इनके शुद्धिकरण का भी कार्य किया जाएगा। संस्कृत में लिखा सभी कुछ हमारा सनातन शास्त्र नहीं है। इस देश का दुर्भाग्य रहा है कि संस्कृत में कुछ भी लिख दिया तो उसे शास्त्र मान लिया गया। सनातन धर्म के सिद्धांत सार्वभौमिक हैं, वैज्ञानिक हैं, सर्व हितकारी हैं, कालजयी हैं तथा किसी प्रकार के भेदभाव से शून्य है। सनातन धर्म में हमने इस पूरी धरती को मां माना, वसुधैव कुटुंबकम् कहा। शास्त्रों में ऐसे प्रसंग डाल दिए गये, वाल्मीकि रामायण में भी ऐसे श्लोक लिख दिए कि भगवान राम और माता सीता को मांस भक्षण और मद्यपान करने वाला तक कह दिया, भगवान राम को शूद्रों का और नारी का अपमान करने वाला कह दिया। इस देश में यह एक बहुत बड़ा धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक पाप हुआ और राजनीतिक लोगों ने उस पाप को संरक्षण दिया। जैसे देश का संविधान, देश का लोकतंत्र सबके लिए समान रूप से न्याय की बात करता है, सत्य की बात करता है, ऐसे ही हमारे वेद के विधान में भी समानता, सत्य व न्याय को सबसे बड़ा धर्म कहा है।

धर्म विहीन करके ईसाई व मुसलमान बनाने का चल रहा है षड्यंत्र

सनातन धर्म को बदनाम करके, लोगों को धर्म-विहीन करके ईसाई व मुसलमान बनाने का षड्यंत्र चल रहा है। सनातन विरोधी कह रहे हैं कि सनातन धर्म तो दोषपूर्ण है, उसमें भेदभाव व पक्षपात है, उसमें अवैज्ञानिक तथा अव्यवहारिक बातें कही गई हैं। दुर्भाग्य से देश में करीब 30 से 40 करोड़ अपने ही ऋषिओं के संतानों वंशधरों को या तो मुसलमान, ईसाई या नास्तिक बनाकर उनको सनातन धर्म से विमुख कर दिया गया। करीब 50% ऋषि-ऋषिकाओं की संतानों को अपने ही स्वधर्म से, अपने ही पुरखों से, अपने ही मूल डीएनए से अलग कर दिया गया। हमारे आदर्शों के बारे में कहा गया कि वे दुराचारी, व्यभिचारी तथा मांसाहारी थे। एक तरफ ऐसा नेरेटिव फैला रहे हैं कि राम, कृष्ण, शिव, ब्रह्मा, विष्णु, महेश या देवी-देवता हुए ही नहीं, दूसरी तरफ उन पर झूठे आरोप लगा रहे हैं और तीसरी तरफ सनातन धर्मियों को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भेद की दीवारें खड़ी करके आपस में भेद, लूट, झूठ, फरेब और इस देश को तबाह करने की पूरी साजिश हो रही है क्योंकि भारत और भारतीयता के उभरते हुए वर्चस्व से भारत विरोधी शक्तियां आतंकित हैं,र उनको ऐसा लगता है कि जिस गति से भारत उभर रहा है यदि ऐसे ही उभरता रहा तो यह भारत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक दृष्टि से, वैश्विक दृष्टि से इतना सशक्त हो जाएगा कि विश्व का नेतृत्व करने में समर्थ हो जाएगा। षड्यंत्रपूर्वक भारत को दबाया जा रहा है। गौरव की बात है कि जन्म से लगभग 150 करोड़ डीएनए या कुलवंश से 150 करोड़ व अखण्ड भारत समेत 200 करोड़ सनातन धर्मी अभी भी पूरी दुनिया में है।

कीमती ज्वेल्स ने जबलपुर में नया स्टोर लॉन्च कर मध्य भारत में बढ़ाया

जबलपुर। अरमान कोठारी द्वारा शुरू किया गया और कोठारी ग्रुप, उद्यमी निखिल कामथ और कविन शाह के समर्थन वाला कीमती ज्वेल्स भारत में डायमंड ज्वेलरी के भरोसेमंद और किफायती ब्रांड के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। इसी कड़ी में ब्रांड ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में अपना नया स्टोर लॉन्च किया है। अपने 11 स्टोर्स लॉन्च करने के बाद, कीमती अब जबलपुर जैसे उभरते ज्वेलरी बाजारों में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। यह स्टोर मध्य भारत में ब्रांड के विस्तार की दिशा में एक अहम् कदम है। मध्य प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में स्थित जबलपुर, मध्य भारत का एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्र है। यह जबलपुर जिले और जबलपुर संभाग, दोनों का प्रशासनिक मुख्यालय है। कारोबार, प्रशासन, आवागमन और सेवाओं के मामले में भी शहर एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। ऐसे में, सम्पूर्ण भारत में अपने स्टोर्स का विस्तार कर रहे कीमती के लिए जबलपुर एक महत्वपूर्ण बाजार है। जबलपुर का नया स्टोर इस क्षेत्र के ग्राहकों के लिए कीमती की खास ज्वेलरी



रेंज लेकर आया है। यहाँ प्रमाणित लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी के कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिनमें हर दिन पहनने, ऑफिस और खास मौकों के लिए डिजाइन शामिल हैं। कलेक्शन में अँगूठियाँ, ईयररिंग्स, पेंडेंट, ब्रेसलेट और मंगलसूत्र शामिल हैं, जिन्हें 14 कैरेट सोने और 925 स्टर्लिंग सिल्वर में तैयार किया गया है। नई डिजाइन और किफायती कीमतों के साथ यह स्टोर अलग-अलग मौकों और व्यक्तिगत पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जबलपुर में स्टोर लॉन्च करना भारत के प्रमुख बाजारों में अपनी रिटेल उपस्थिति को मजबूत करने की कीमती की रणनीति का हिस्सा है। मुंबई, पुणे, इंदौर और दिल्ली-एनसीआर में पहले से उपस्थिति के साथ-साथ बिलासपुर जैसे बाजारों में हाल ही में विस्तार करके ब्रांड देश के अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही, कंपनी अपने फैक्ट्री-डायरेक्ट मॉडल को ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचाने पर ध्यान दे रही है। ज्वेलरी बनाने के अपने अनुभव और मैन्युफैक्चरिंग से लेकर ग्राहकों तक सीधे पहुँचने वाले मॉडल के माध्यम से कीमती प्रमाणित लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी उपलब्ध कराता है। इसके कलेक्शन में मॉडर्न डिजाइन, बेहतरीन कारीगरी और फैक्ट्री से सीधे मिलने वाली कीमतों का मेल शामिल है। मैन्युफैक्चरिंग और ग्राहक के बीच के अतिरिक्त चरणों को कम करके ब्रांड ग्राहकों को बेहतर कीमतों पर ज्वेलरी उपलब्ध कराने और कीमतों में पारदर्शिता बनाए रखने का प्रयास करता है। साथ ही, डिजाइन और गुणवत्ता पर भी खास ध्यान दिया जाता है।

जेके मैक्स पेंट्स ने जेके नैचुरल्स ऑरा के साथ सस्टेनेबल पेंट्स में रखा कदम, पेश किया भारत का पहला नेचर लवर्स पेंट

जबलपुर। जेके मैक्स पेंट्स, जिसे जेके सीमेंट लिमिटेड की समृद्ध विरासत और विशेषज्ञता का साथ प्राप्त है, ने सस्टेनेबल पेंट्स का नया ब्रांड जेके नैचुरल्स लॉन्च किया है। इस ब्रांड का पहला प्रोडक्ट जेके नैचुरल्स ऑरा है। भारत के पहले नेचर लवर्स पेंट के रूप में पेश किया गया यह ब्रांड घर की सुंदरता और रोजमर्रा की जिंदगी में जागरूक सोच को एक साथ लाता है। आधुनिक घरों के लिए डिजाइन किए गए जेके नैचुरल्स ऑरा लक्जरी इंटीरियर इमल्शन में 40%+ इको-फ्रेंडली सामग्री (जिसमें 10%+ बायो-बेस्ड इमल्शन शामिल है) और एयर-प्यूरिफिकेशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही इससे प्रीमियम फिनिश भी मिलती है।

जेके नैचुरल्स ऑरा को शार्क सॉल्यूशंस के साथ मिलकर तैयार किया गया है। शार्क सॉल्यूशंस डेनमार्क की क्लीनटेक कंपनी है और रीसाइक्लिंग में ग्लोबल लीडर है। ऑरा के फॉर्मूले में बेकार हो चुके लैमिनेटेड कांच से निकाला गया रीसाइकल पीवीबी (पॉलीविनाइल ब्यूटिरल) शामिल किया गया है। यह सामग्री इस्तेमाल के बाद के वेस्ट को पेंट बनाने के कच्चे माल में बदलती है और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा



देती है। मार्केट में इस प्रोडक्ट का चरणबद्ध लॉन्च अक्टूबर के अंत से नवंबर के मध्य में उत्तर भारत में होगा, जिसके बाद इसे पूरे देश में लॉन्च करने की योजना है।जेके नैचुरल्स ऑरा में एडवांस एयर-प्यूरिफिकेशन तकनीक है, जो घर के अंदर मौजूद फॉर्मेल्डिहाइड को कम करने और कमरे की हवा को बेहतर बनाने में मदद करती है। इसका फॉर्मूला रीसाइकल और बायो-बेस्ड सामग्रियों को गहरी चमक और बेहतरीन स्मूथनेस के साथ ग्राहकों को 2,000 से अधिक शेड्स में एक लक्जरी इंटीरियर पेंट का विकल्प देता है। इस रेंज की पैकेजिंग में भी रीसाइकल सामग्री का उपयोग किया गया

मोरपेन का राजस्व 81 फीसदी बढ़ा

गुरूग्राम। मोरपेन लैबोरेटरीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 755 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 81 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का एबिटडा 273 प्रतिशत बढ़कर 132 करोड़ रुपए और कर पश्चात मुनाफा 117 प्रतिशत बढ़कर 89 करोड़ रुपये हो गया। चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुशील सूरी ने कहा कि सीडीएमओ कारोबार में तेजी और बेहतर उत्पाद मिश्रण से कंपनी की कमाई मजबूत हुई है। कंपनी अपनी विनिर्माण क्षमता 800 किलोलीटर तक बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है।

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

वर्सुनी का भारत पर 180 करोड़ रुपए का दांव, दो फैक्ट्रियों का होगा विस्ताए, 600 नौकरियों की उम्मीद

नई दिल्ली। भारत में घरेलू उपकरणों के विनिर्माण को मजबूती देने के लिए वर्सुनी इंडिया 180 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। फिलिप्स और प्रीति ब्रांड के तहत घरेलू उपकरणों का कारोबार करने वाली कंपनी इस राशि से चेन्नई और अहमदाबाद स्थित अपनी विनिर्माण इकाइयों का विस्तार करेगी। इस पहल से अगले दो वर्षों में लगभग 600 नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।कंपनी की योजना के मुताबिकए 130 करोड़ रुपए चेन्नई की इकाई और 50 करोड़ रुपए अहमदाबाद की फैक्ट्री के विस्तार पर खर्च किए जाएंगे। चेन्नई में मिक्सर ग्राइंडर और ग्लास गैस स्टोव के उत्पादन के साथ शीट मेटल फैब्रिकेशनए प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग और एयर फ्रायर मोटरों के निर्माण की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां सालाना 7ण्5 लाख तक एयर फ्रायर मोटरों के उत्पादन की क्षमता तैयार करने की योजना है। वहींए अहमदाबाद में फैक्ट्री का क्षेत्रफल लगभग 8ए000 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 15ए000 वर्ग मीटर किया गया है। यहां एयर फ्रायर के अलावा एयर प्यूरीफायर और गारमेंट स्टीमर के उत्पादन पर भी जोर दिया जा रहा है।




रोबोटिक कोटिंग लाइन जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। वर्सुनी ने वर्ष 2024 में भारत में बेचे जाने वाले उत्पादों में स्थानीय स्तर पर प्राप्त सामग्री और कलपुर्जों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत करने की योजना घोषित की थी। कंपनी का उद्देश्य भारतीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ साझेदारी मजबूत करना और आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में आगे बढ़ना है।**निर्यात से भी बढ़ेंगी संभावनाएं**-कंपनी की रणनीति केवल घरेलू मांग पूरी करने तक सीमित नहीं है। चेन्नई में निर्मित मिक्सर ग्राइंडर का निर्यात भी किया जाता है। स्थानीय उत्पादन बढ़ने से आपूर्ति श्रृंखलाए उत्पाद उपलब्धता और विनिर्माण दक्षता को लाभ मिल सकता है। यह निवेश ऐसे समय में महत्वपूर्ण हैए जब भारत में घरेलू उपकरणों की नई श्रेणियों की मांग बढ़ रही है। स्थानीय उत्पादनए आधुनिक तकनीक और रोजगार सृजन के जरिए वर्सुनी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की तैयारी कर रही है। त्योहारी सीजन के बीच दो दिवसीय रवि और सोम पुष्य नक्षत्र ;1 और 2 नवंबर कोद्ध के बीच नई बाइक या स्कूटर खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए खास अवसर है। भारतीय परंपरा में इस नक्षत्र को खरीदारी और नई शुरुआत के लिए शुभ माना जाता है। ऐसे में ग्राहक अपनी पसंदए जरूरत और बजट के अनुसार नया दोपहिया वाहन घर लाने की तैयारी कर सकते हैं। बेहतर माइलेज वाली बाइक से लेकर स्टाइलिश मोटरसाइकिल और आधुनिक फीचर्स वाले स्कूटर तकए बाजार में ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं। इसके चलते मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी रणनीति तेज कर दी है।

क्रॉम्पटन ने वाटर हीटर की नई रेंज लांच की

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 5.9 लीटर इंस्टेंट वाटर हीटर की नई रेंज लांच की है। कंपनी के अनुसार, यह रेंज तेजी से पानी गर्म करने, सुरक्षा और टिकाऊपन के साथ आधुनिक घरों की जरूरतों को पूरा करेगी। नई रेंज में 3 किलोवाट का शक्तिशाली हीटिंग एलिमेंट दिया गया है, जो कंपनी के मुताबिक पानी को लगभग 40 प्रतिशत तेजी से गर्म करता है। इसमें एंटी-स्केल तकनीक भी है,वॉटर हीटर में ऑटो थर्मोस्टेट, थर्मल कट-आउट और प्रेशर सेफ्टी वॉल्व सहित चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था दी गई है। इसकी 6.5 बार की प्रेशर रेटिंग इसे ऊंची इमारतों में इस्तेमाल के लिए उपयुक्त बनाती है।



शब्द पहेली - 6392



बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6391 का हल

आ	ला	क	मा	न			क	मी	ज	
रा	ल		न		श	प	थ		मा	मा
म			थ	नि	क		न			लि
दे	ह	दा	न			अ		ल	ल	क
ह		खि		बे	शु	मा	र		ह	
	सा	ल		ल		न		सु	र	
	हि		ब	गा	व	त		र		हा
ज	ल	न		म			अ	भि	मा	नि
ग			चु		रा	ज	न			का
त	र		ना	ह	क		ब		चा	र
	ब	हा	व			म	न	मो	ह	क

सूडोकु नवताल - 6402

मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

MANGAL SENACHA BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6401 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

बैठने-खड़े होने पर जब हो बैक पेन



मेरी उम्र 63 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।

-नवीन, महासमुंद

बैक पेन का स्थाई समाधान रेग्युलर बैक की एक्सरसाइज ही है। क्योंकि दवा से कुछ समय के लिए आराम मिलेगा, फिर दर्द हो जाएगा। साथ ही कैल्शियम और विटामिन डी की जांच जरूर कराएं। अगर कमी है तो इसकी दवा रेग्युलर लेना शुरू करनी चाहिए। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर आप बैक की एक्सरसाइज सीख लें, उन्हें नियमित रूप में करें। इससे आपको स्थायी राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे यूरिन पास करने में काफी दर्द और जलन होती है। कभी-कभी यूरिन का कलर पीला आता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा ?

-दीपक, रायपुर

कई बार यूरीन कलर पीला और जलन, पानी कम पीने की वजह से भी होता है। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि कभी-कभी दर्द भी होता है। इसलिए आपको नेफ्रोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह कुछ जांच कराएंगे, जिसके बाद इसकी वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट हो सकेगा। फिलहाल पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरे होंठ हमेशा रूखे और फटे-फटे रहते हैं। लिप बाम और एंटीसेप्टिक क्रीम लगाने का भी असर कुछ ही देर रहता है। ऐसा क्यों होता है ?

-सुमित, रोहतक

कुछ लोगों की स्किन ड्राय होती है और किसी की ऑयली। जिनकी ड्राय होती है, उनको इस तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए आप पानी का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें और समय-समय पर क्रीम लगाते रहें। इसका कोई स्थायी समाधान नहीं। इसी तरह राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे सिर के पिछले हिस्से में अकसर तेज सुई चुभने जैसा दर्द होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-कुशल, बिलासपुर

आपको तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह सिटी स्कैन या एमआरआई कराकर इसकी वजह पता लगाएंगे, क्योंकि सामान्य तौर पर सिर दर्द कई बार आंख कमजोर होने की वजह से भी होता है, पर खास हिस्से में होने की वजह कुछ और भी हो सकती है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

मेरी उम्र 58 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी हार्ट बीट्स रह-रहकर तेज हो जाती हैं। मन में अजीब-सी घबराहट पैदा होती है। मुझे समझ नहीं आता कि ऐसा क्यो हो रहा है ? कृपया बताएं मैं क्या करूं ?

-बलबीर, महेंद्रगढ़

अगर आपको ऐसा महसूस हो रहा है तो इस बात पर गौर करें कि ऐसा तेज चलने से या वजन उठाने से ऐसा हो रहा है। अगर ऐसा है तो जरूर आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए। यह समस्या कई बार दिल से जुड़ी हो सकती है। फिलहाल इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा दौड़ भाग या अधिक श्रम वाला काम ना करें।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए ?

-संजय, राजनांदगांव

अगर हल्का-हल्का दर्द लगातार रहता है तो बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर एक बार अल्ट्रासाउंड करा लें। कई बार स्टोन की वजह भी दर्द शुरू होता है। लेकिन बगैर जांच कराएं कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इस दौरान आप अधिक तला भुना और बाजार का खाना बंद कर दें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. तुषार राउत

न्यूरोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

वर्ल्ड स्ट्रोक आर्गेनाइजेशन के अनुसार अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और तनाव का प्रबंधन नहीं कर पाने के कारण दुनिया भर में स्ट्रोक के मामले बढ़त पर हैं। देश में विभिन्न बीमारियों से होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण स्ट्रोक है। भारत में हर 40 सेकेंड पर एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है। जो लोग पहली बार स्ट्रोक के बाद नियमित रूप से दवाएं नहीं लेते या फिर डॉक्टर द्वारा दिए गए परामर्श पर अमल नहीं करते, उनमें स्ट्रोक के दोबारा होने का जोखिम बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

स्ट्रोक क्या है

स्ट्रोक एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी है। मृत्यु व विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। स्ट्रोक तब होता है, जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है या जब कोई रक्त वाहिका (ब्लड वेसल) फट जाती है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। स्ट्रोक के दो मुख्य प्रकार हैं। पहला, इस्केमिक स्ट्रोक जो मस्तिष्क में रक्त संचार में रुकावट या ब्लॉकेज के कारण होता है। दूसरा, हेमोरेजिक स्ट्रोक, जो रक्त वाहिका के फटने के कारण होता है। रिकवरी के लिए लक्षणों की जल्द पहचान और समय पर समुचित इलाज बेहद महत्वपूर्ण हैं।

शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण

स्ट्रोक के लक्षण शुरू होने के बाद के शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि समय पर इलाज मिलने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह फिर से शुरू हो सकता है और मस्तिष्क की कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को सीमित किया जा सकता है। इस्केमिक स्ट्रोक के मरीजों को थक्का घोलने वाली दवा (क्लॉट-बस्टिंग मेडिकेशन) दी जा सकती है। इसके अलावा, उन्नत इंटरवेंशनल प्रोसीजर्स जैसे विशेष सक्शन डिवाइस और स्टेंट रिट्रीवर का उपयोग करके भी थक्के को हटाया जा सकता है और बंद धमनियों को फिर से खोला जा सकता है। इलाज की प्रक्रिया का चयन स्ट्रोक के प्रकार, लक्षण शुरू होने के बाद से बीते समय और मरीज की क्लिनिकल स्थिति पर निर्भर करता है। मरीज को जल्द से जल्द एक ऐसे अस्पताल पहुंचना चाहिए जहां न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन और इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजिस्ट की विशेष टीम उपलब्ध हो।

कुछ उपचार केवल एक निश्चित समय सीमा (विंडो पीरियड) के भीतर ही उपलब्ध होते हैं, इसलिए लक्षणों की जल्द पहचान और तुरंत इलाज जरूरी है। भले ही लक्षणों में सुधार हो जाए या वे गायब हो जाएं, फिर भी डॉक्टरी जांच में देरी नहीं करनी चाहिए।

एक्यूट (शुरुआती) इलाज के बाद, मरीजों को ठीक होने और उनके काम करने की क्षमताओं को वापस पाने में मदद करने के लिए न्यूरोरिहैबिलिटेशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोबारा स्ट्रोक होने के जोखिम को कम करने के लिए सही फॉलो-अप देखभाल और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएं भी जरूरी हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड स्ट्रोक डे, 29 अक्टूबर

आंकड़ों के अनुसार 18 लाख स्ट्रोक के नए मामले भारत में प्रति वर्ष सामने आते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कितनी गंभीर समस्या है। लेकिन एलर्टनेस और प्रिकॉशन के जरिए इसकी रोकथाम की जा सकती है। यहां विस्तार से बता रहे हैं, स्ट्रोक के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में।

लाइलाज नहीं है स्ट्रोक संभव है प्रिवेंशन-ट्रीटमेंट







रिस्क फैक्टर्स को समझें

उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), मधुमेह (डायबिटीज), हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, शारीरिक सक्रियता की कमी या नियमित रूप से व्यायाम न करना, हृदय से जुड़ी कुछ बीमारियां, धूम्रपान, तंबाकू का सेवन और अत्यधिक शराब पीना स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं। कुछ आनुवंशिक कारक भी युवाओं में स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जैसे होमोसिस्टीन का बढ़ा हुआ स्तर भी युवाओं में स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकता है। रक्त में होमोसिस्टीन का स्तर ज्यादा होने से धमनियों में सूजन या कड़ापन (एथेरोस्क्लेरोसिस), खून के थक्के (ब्लड क्लॉट्स) बनना और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। स्लीप एपनिया भी एक अन्य महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। नींद के दौरान तेज खर्राटे लेना, दिन में अत्यधिक नींद आना जैसे लक्षणों के महसूस होने पर शीघ्र ही विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

जीवनशैली में करें बदलाव

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार जीवनशैली में स्वास्थ्यकर बदलाव कर स्ट्रोक के जोखिम को कम किया जा सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत जंक फूड्स से दूर रहकर समुचित संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना, नियमित व्यायाम करना और तनाव प्रबंधन से संबंधित विधियों आदि को शामिल किया जाता है।

संतुलित आहारः फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, नट्स और प्रोटीन से भरपूर आहार स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट और अतिरिक्त चीनी को सीमित करने के साथ-साथ नमक का सेवन प्रति दिन 5 ग्राम से कम रखना चाहिए।

नियमित शारीरिक गतिविधिः हफ्ते मे कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम, जैसे तेज चलना, साइकिलिंग या तैरना, स्वस्थ वजन बनाए रखने, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मददगार है।

नियमित जांच और परामर्शः रक्तचाप, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की एक निश्चित समय अंतराल पर डॉक्टर के परामर्श से जांचें करवानी चाहिए। विशेष रूप से 35 वर्ष की आयु के बाद समय-समय पर स्वास्थ्य जांच (हेल्थ चेक-अप) कराने से जोखिम की जल्दी पहचान हो सकती है।

तनाव प्रबंधन जरूरीः पर्याप्त नींद, सही मात्रा में पानी पीना (हाइड्रेशन) और योग व ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में सहायक है।

संभव है स्ट्रोक की रोकथाम

स्ट्रोक से बचाव के लिए जागरुकता, जोखिम भरे कारकों की जल्द पहचान और जीवनशैली में लगातार सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता होती है। ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, तंबाकू से बचना और शराब से दूरी बनाना स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही, एफएएसटी (फास्ट) के चेतावनी संकेतों को पहचानना और तुरंत चिकित्सा सहायता लेना भी बेहद जरूरी है।

सर्दियों का मौसम और स्ट्रोक

सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। एक बड़ी संख्या में स्ट्रोक के मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। इसलिए सर्दियों के मौसम में अपना विशेष ख्याल रखें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला



इस बार की थीम है इंपॉर्टेंट

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गनाइजेशन द्वारा निर्धारित वर्ल्ड स्ट्रोक डे के लिए इस बार की थीम है, 'एवरी मिनिट काउंट्स', जिसका हिंदी में आशय है कि स्ट्रोक की गिरफ्त में आए लोगों के लिए हर मिनट कीमती है। इस बार का हैशटैग है फास्ट। एफएएसटी (फास्ट) एक ऐसा संक्षिप्त शब्द है जो स्ट्रोक के मुख्य संकेतों को पहचानने में मदद करता है।

एफ- फेस ड्रूपिंग (चेहरा झुकना): चेहरे का एक हिस्सा झुक सकता है या सुन्न महसूस हो सकता है।

ए- आर्म वीकनेस (बांह में कमजोरी): एक बांह कमजोर या सुन्न हो सकती है।

एस- स्पीच डिफीकल्टी (बोलने में कठिनाई): आवाज लड़खड़ा सकती है या बातचीत को समझना मुश्किल हो सकता है।


टी- टाइम टू एक्ट (कार्रवाई का समय): बिना देर किए तुरंत आपातकालीन चिकित्सा सहायता लें।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

अपने देश ही नहीं पूरी दुनिया में फैटी लिवर के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चिंताजनक बात यह है कि बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। ऐसे में इसके कारणों, लक्षणों के साथ ही बचाव के उपाय के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

हर उम्र के लोगों में बढ़ रही फैटी लिवर की प्रॉब्लम



हाल के बरसों में हर आयु वर्ग के लोगों की जीवनशैली बदली है। खान-पान के तौर-तरीके में बड़ा परिवर्तन आया है। एक ओर निष्क्रिय लाइफस्टाइल ने स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाया है तो दूसरी ओर सेहत से ज्यादा स्वाद को तवज्जो देने वाले फूड आइटम्स हमारी थाली का हिस्सा बन गए हैं। विशेषकर बच्चे हमारी परंपरागत भोजनशैली से दूर हुए हैं। इन आदतों से समग्र स्वास्थ्य पर तो दुष्प्रभाव पड़ ही रहा है, किसी अंग विशेष की सेहत बिगड़ने की स्थितियां भी पैदा हो गई हैं। ऐसी ही एक स्वास्थ्य समस्या है फैटी लिवर।

आंकड़े हैं चिंताजनकः चिंतनीय है कि 2030 तक, विश्व भर में अनुमानित 35 करोड़ 70 लाख लोग फैटी लिवर रोग के साथ जीवन जी रहे होंगे। भारत में लगभग 38 प्रतिशत से 40 प्रतिशत एडल्ट्स इस बीमारी से प्रभावित हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ही हमारे यहां 2021 में नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज कार्यक्रम में फैटी लिवर को शामिल कर प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर इसकी जांच के लिए गाइडलाइन जारी किए गए थे।

क्या है फैटी लिवरः असल में फैटी लिवर की बीमारी तब होती है, जब लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट यानी कि वसा जमा हो जाती है। जिससे लिवर की कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। लिवर हमारे शरीर को डिटॉक्स करने में अहम भूमिका निभाता है। खून की सफाई, पाचन में सहायता, ऊर्जा का संग्रह और स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक विटामिन, मिनरल्स और महत्वपूर्ण प्रोटींस का प्रोड्क्शन और संचयन करता है। ऐसे में इंसानी शरीर का फिल्टर प्लांट कहे जाने वाले लिवर की हेल्थ बिगड़ना बहुत-सी दूसरी व्याधियों की भी जड़ बन जाता है।

न बरतें लापरवाहीः गांवों से लेकर महानगरों तक, कम उम्र में ही लोग फैटी लिवर की बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इसकी सबसे अहम वजह खान-पान की बुरी आदतें ही हैं। आमतौर पर फैटी लिवर रोग को दो तरीके का होता है। अल्कोहलिक फैटी लिवर बीमारी अत्यधिक शराब के सेवन के कारण होती है। वहीं गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या शराब के सेवन से संबंधित नहीं है। इसीलिए फैटी लिवर के लक्षणों को जीवनशैली से गहराई से जोड़कर देखा जाता है। इसके लक्षण न केवल बहुत धीरे-धीरे दिखते हैं बल्कि स्पष्ट रूप से समझना भी कठिन होता है। यही वजह है कि लाइफस्टाइल स्कैन से जोड़कर फैटी लिवर के सिंपटम्स को सही ढंग से समझना और समय पर चिकित्सा सहायता लेना आवश्यक है। इस सायलेंट हेल्थ समस्या का समय रहते उपचार न किया जाए तो फाइब्रोसिस और सिरोसिस की समस्या भी हो सकती है। लिवर क्षतिग्रस्त होने पर अतिरिक्त स्कार टिशू बनने की स्थिति फाइब्रोसिस कहलाती है। इसमें लिवर में सूजन आ जाती है। जो कि लिवर में रक्त के सामान्य प्रवाह में बाधा बनती है। वहीं सिरोसिस की गंभीर और धीरे-धीरे बढ़ने वाली तकलीफ में स्वस्थ लिवर टिशू खराब हो जाते हैं। उनकी जगह कठोर स्कार टिशू बनने लगते हैं।



प्रमुख लक्षणः पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में असहजता बने रहने, अधिक थकान महसूस करने, बिना कारण वजन बढ़ने, भूख में कमी आने, स्किन का पीलापन और ब्रेनफॉग जैसे लक्षणों को ध्यान दिया जाना चाहिए। आरंभिक चरण में लाइफस्टाइल सुधार से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

बच्चे भी हो रहे प्रभावितः खान-पान की अस्वस्थ आदतों और निष्क्रिय जीवनशैली के घेरे में अब बच्चे भी आ गए हैं। जिसके चलते बच्चे बड़ी संख्या में फैटी लिवर की चपेट में आ रहे हैं। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) की स्टडी कहती है कि हमारे देश में लगभग 35.4 प्रतिशत बच्चे फैटी लिवर के रोग से पीड़ित हैं। बड़ों की बीमारी अब नई पीढ़ी में भी तेजी से पैर पसार रही है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक मोटे बच्चों में फैटी लिवर का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक है। गुरुग्राम में किए गए एक हालिया अध्ययन में सामने आया है कि 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों में फैटी लिवर रोग के मामलों तेजी से बढ़े हैं। शहरी इलाकों में सामान्य वजन वाले बच्चों में भी साइलेंट बर्डन के रूप में यह बीमारी पाई जा रही है। बदलते खान-पान के कारण सिर्फ शहरों तक सीमित रहने वाली फैटी लिवर की समस्या गांवों में देखने को मिल रही है। जंक फूड की पहुंच और सुविधाजनक एवं निष्क्रिय जीवनशैली के चलते ग्रामीण इलाकों के बच्चों में भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। चिंतनीय है कि भारत में रुरल और अर्बन दोनों को मिलाकर औसत राष्ट्रीय प्रसार दर लगभग 35.4 प्रतिशत है। यह आंकड़ा ग्लोबल एवरेज से लगभग 25 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में मुख्य रूप से लाइस्टाइल से जुड़ी इस समस्या से बचाव के लिए पैरेंट्स का सजग रहना आवश्यक हो गया है। *

बच्चों में फैटी लिवर के कारण

बच्चों में असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों से दूरी गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या बढ़ाती है। जिसका सीधा-सा अर्थ है कि बालपन को घेरते इस हेल्थ इश्यू का मुख्य कारण बदली हुई जीवनशैली ही है। एक ओर फल-सब्जियां खाने से दूरी बढ़ी है, दूसरी ओर प्रोसेस्ड-जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, मीठे पेय पदार्थों के सेवन की आदतों ने जड़ें जमा ली हैं। बहुत से बच्चे कुकीज, बिस्कुट, कैंडी, सोडा ड्रिंक, पैकेज्ड जूस और चॉकलेट जैसे फूड प्रोडक्ट्स के एडिक्ट हो गए हैं। स्मार्ट स्क्रीन में झांकते हुए वक्त बिता रहे बच्चों का मैदानों में खेलना छूट गया है। चाइल्ड ओबेसिटी आज बड़ी चिंता बन गई है। इसीलिए बच्चों को हमारी परंपरागत भोजनशैली से जोड़ना जरूरी है। आउटडोर स्पोर्ट्स और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। मौजूदा दौर में जीवन के पहले ही पड़ाव ही खाने-पीने की सजगता और फिजिकल सक्रियता सबसे अहम हैं। साथ ही स्नैक अटैक और स्क्रीन स्क्रॉलिंग से बचना भी आवश्यक है। बड़ों में भी अस्वस्थ भोजनशैली, एल्कोहल का सेवन और शारीरिक निष्क्रियता ही इस रोग के मुख्य कारण हैं। स्वस्थ-सधी जीवनशैली से हर उम्र के लोग इस रोग से बच सकते हैं।



डब्ल्यूपीएल 2027 नीलामी
गुजरात जायंट्स में शामिल हुईं कमलिनी

सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं सोफी, यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी के शुरुआती चरण में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनेक्स सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। बुधवार को यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

गुजरात जायंट्स (जीजी) ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके बेस प्राइस 40 लाख रुपए में खरीदा। 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम का हिस्सा रहीं सोफी डब्ल्यूपीएल 2026 में नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा था। यूपी वॉरियर्स ने बोली की शुरुआत की, लेकिन आरसीबी भी मुकाबले में बनी रही और एक मिनट से भी कम समय में कीमत 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी, जिसके जवाब में आरसीबी ने 1.05 करोड़ रुपए की बोली लगाई। अंत में यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिन ऑलराउंडर, हिप की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी है।



मुंबई इंडियंस से रिलीज हुईं कमलिनी

नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस की ओर से रिलीज की गईं कमलिनी को लेकर काफी उम्मीदें थीं कि उन्हें बड़ी रकम मिलेगी। हालांकि, 2027 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप टीम में जगह न मिलने के कारण, उन्हें लेकर कोई खास होड़ नहीं दिखी और वह आसानी से गुजरात जायंट्स में चली गईं, क्योंकि किसी और फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुंबई इंडियंस के लिए डब्ल्यूपीएल में उनका प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन 2025 अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम की सदस्य रहीं कमलिनी, सीनियर टीम के अलावा इंडिया ए और तमिलनाडु की टीमों का भी हिस्सा रही हैं।



दिल्ली कैपिटल्स ने किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा

गुजरात जायंट्स ने आयरलैंड की सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट को भी 30 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में अपनी पहली खरीदारी करते हुए भारतीय बल्लेबाज किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा।

यूपी वॉरियर्स में शामिल हुईं स्नेह राणा और ग्रेस हैरिस



यूपी वॉरियर्स ने भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस को भी उनके 30 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया। आरसीबी में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर शामिल रहीं गुजरात जायंट्स की पूर्व कप्तान स्नेह राणा के लिए कोई और बोली नहीं लगी, यहां तक कि उनकी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनके लिए बोली नहीं लगाई।

खबर संक्षेप



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण 4 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं। एक नवंबर और दो नवंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में उनका मैच सिमुलेशन (मैच की तरह परिस्थितियां तैयार करना) और फिटनेस टेस्ट होना है।'

कनाडा महिला ओपन से हटीं अनाहत



टोरंटो। स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गईं। उन्हें अंतिम आठ के मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त फैरुज अबोलखेर से भिड़ना था। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अनाहत ने चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने का फैसला किया। हालांकि उनकी चोट के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। दिल्ली की इस 18 वर्षीय खिलाड़ी के लिए पीएसए टूर पर यह साल शानदार रहा है। इस महीने की शुरुआत में सिलिकॉन वैली ओपन में अनाहत ने सेमीफाइनल के अपने सफर के दौरान मिस्र की आठ बार की विश्व चैंपियन नूर एल शेर्बिनी को हराया था। अनाहत ने जापान में हुए एशियाई खेलों में भी महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी।

31 अक्टूबर को भारतीय रेसिंग महोत्सव



नई दिल्ली। भारतीय रेसिंग महोत्सव 31 अक्टूबर को होने वाली एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और एक नवंबर को होने वाली इंडियन रेसिंग लीग के साथ 13 साल बाद ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में वापसी करेगा। एफ4 इंडियन चैंपियनशिप 5.125 किलोमीटर लंबे सर्किट पर 2026 के सत्र की अपनी चौथे दौर की रेस, जबकि इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) अपने दूसरे दौर की रेस आयोजित करेगा। बीआईसी फॉर्मूला वन इंडियन ग्रां प्री और मोटोजीपी भारत की मेजबानी कर चुका है। मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में तीसरे दौर के बाद एफ4 खिताब की दौड़ और भी तेज हो गई है, जहां गोवा एसेस जेए रेसिंग के लुविवे सांबुडला 138 अंकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष पर हैं।

फरहान दूसरे तो किशन तीसरे स्थान पर पहुंचे

टी20 के नए किंग बने अभिषेक, ईशान को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को 38 गेंद में 113 रन की तूफानी पारी खेली, जो उनका इस प्रारुप में चौथा शतक है।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। चोट के कारण पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल सके किशन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अभिषेक की कुल रेटिंग 897 अंक

पाकिस्तान के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान साहिबजादा फरहान दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'इस पारी की बदौलत बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।' अभिषेक के कुल 897 रेटिंग अंक हैं जबकि फरहान 883 अंक के साथ दूसरे और किशन 866 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। किशन ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई में अभिषेक को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर यानसन

यानसन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा, जो दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी ने कहा, "यानसन ने अपने करियर में पहली बार दो श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने गकेबरहा में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में बल्ले से 85 रन बनाने के अलावा मैच का रुख बदलने वाले पांच विकेट भी लिए।' यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में भी 13 स्थान की छलांग लगाकर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान नीचे खिसककर 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

अय्यर को पांच स्थान का नुकसान

भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान श्रेयस अय्यर को पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वह 758 रेटिंग अंक के साथ दुनिया के नौवें नंबर के बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत के रविंद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया।

नंबर एक बल्लेबाज बनीं लॉरा वोलवार्ट



महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़कर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। स्मृति एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर हैं। टी20 सूची में वह अपनी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा से एक स्थान पीछे हैं।



रणजी ट्रॉफी

पाटीदार का शतक, सारांश ने चटकाए 13 विकेट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले चरण के तीसरे मुकाबले खेले जा रहे हैं। मध्यप्रेश का मुकाबला तीसरे मैच में बिहार से हुआ, जो रजत पाटीदार की कप्तानी वाली एमपी की टीम ने तीसरे दिन ही जीत लिया। मध्यप्रदेश ने बिहार को पारी और 174 रनों से मात देते हुए इस सीजन अपनी पहली जीत दर्ज की है। इस मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर सारांश जैन ने 13 विकेट झटके।

सारांश जैन ने पहली पारी में 7 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 6 विकेट अपने नाम किए। वहीं मध्यप्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार ने भी इस मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। मध्यप्रदेश ने अपने पहले दोनों मैच जम्मू कश्मीर और पुडुचेरी के खिलाफ ड्रॉ खेले थे। अब तीसरे मुकाबले में इस टीम को पहली जीत मिली है।

बिहार की पारी 99 रन पर सिमटी

इस मैच में बिहार ने पहले खेलते हुए 30.3 ओवर में सिर्फ 99 रन ही बनाए थे। पूरी टीम 100 रन के अंदर ढेर हो गई थी। जवाब में मध्यप्रदेश ने अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 407 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। ओपनर यश दुबे 84 और सक्षम पुरोहित ने 132 रन बनाते हुए शतकीय पारी खेली थी। इसके बाद कप्तान रजत पाटीदार ने 133 गेंद पर 109 रन की शतकीय पारी खेली थी।

बिहार की लगातार तीसरी हार

मध्यप्रदेश ने पहली पारी के आधार पर 308 रन की बढ़त बनाई। बिहार की टीम दूसरी पारी में भी सिर्फ 134 रन बनाकर सिमट गई। इस पारी में फिर पहली पारी के हीरो सारांश जैन ने 6 विकेट झटके। बिहार की इस संस्करण में यह लगातार तीसरी हार है। बिहार को पहले मैच में यूपी ने पारी और 267 रन से हराया था। उसके बाद दूसरे मैच में बड़ौदा ने 10 विकेट और अब मध्यप्रदेश ने पारी और 174 रनों से मात दी। इस मुकाबले के बाद एलीट ग्रुप ए की अंकतालिका पर नजर डालें तो तीन मैचों में 13 अंक हासिल करने वाली मध्य प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर है। जबकि लगातार तीसरी हार के बाद बिहार 7वें स्थान पर है। वहीं इस ग्रुप के अन्य मुकाबले अभी जारी हैं। यूपी का मुकाबला पुडुचेरी से हो रहा है। वहीं विदर्भ की टीम गोवा का सामना कर रही है। बड़ौदा का सामना तीसरे मैच में जम्मू कश्मीर से हो रहा है।

संन्यास

3 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन वावरिंका ने टेनिस को कहा, 'अलविदा'



एजेंसी ▶▶| बासेल

तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका ने अपने घरेलू टूर्नामेंट स्विस इंडोर के पहले दौर में पराजय के साथ अपने शानदार टेनिस करियर का अंत किया।

इस 41 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका ने 7-5, 7-6 (2) से हराया। वावरिंका का पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में आखिरी शॉट एक बैकहैंड था, जो लक्ष्य से काफी दूर चला गया था।

इससे दर्शकों में निराशा स्पष्ट नजर आ रही थी। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने पिछले साल दिसंबर में घोषणा की थी कि 2026 उनका टूर पर आखिरी साल होगा।

अपना शत प्रतिशत दिया : वावरिंका

वावरिंका ने कहा पिछले 20 सालों में एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे बारे में अलग-अलग सोच रही है। मैं अपने करियर में बस इतना चाहता था कि अपना शत प्रतिशत दूं, हमेशा लड़ूं, कोई पछतावा न हो। अपने लिए, विरोधी के लिए, टूर्नामेंट के लिए, फैंस के लिए, सबके लिए सम्मान के साथ रहूं। 20 से ज्यादा वर्षों तक यही हमेशा सबसे जरूरी चीज रही है, और यही एकमात्र तरीका है, जिससे आप खेल बिना किसी पछतावे के छोड़ सकते हैं।

नडाल और जोकोविच को दी थी मात

वावरिंका ने अपने तीनों ग्रैंड स्लैम खिताब फाइनल में विश्व के तत्कालीन नंबर एक खिलाड़ी को हराकर जीते। उन्होंने 2014 के ऑस्ट्रेलियाई ओपन में राफेल नडाल को हराया और 2015 में नोवाक जोकोविच को हराकर फ्रेंच ओपन और अगले वर्ष अमेरिकी ओपन का खिताब जीता। वावरिंका 2014 में अपने करियर की सर्वोच्च विश्व रैंकिंग नंबर तीन पर पहुंचे थे। उन्होंने 16 टूर-स्तरीय खिताब भी जीते। उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में रोजर फेडरर के साथ जोड़ी बनाकर स्विट्जरलैंड के लिए पुरुष युगल में स्वर्ण पदक भी जीता था। इस जोड़ी ने 2014 में स्विट्जरलैंड को उसका पहला डेविस कप खिताब दिलाने में भी मदद की थी।

लाहौर वनडे : हारिस रऊफ और इंग्लैंड टीम पर लगा जुर्माना

दुबई। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर रविवार को लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे के दौरान मैदान पर गलत व्यवहार के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। वहीं, इंग्लैंड पर धीमे ओवर-रेट के कारण जुर्माना लगाया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कन्फर्म किया है कि रऊफ ने प्लेयर्स और प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के लिए अपने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया है, जो खेल की भावना के खिलाफ व्यवहार से संबंधित है। इस सजा में एक आधिकारिक फटकार भी शामिल है। 24 महीने के समय में तीसरी बार गलती करने के कारण उनके पांच डिमेरिट पॉइंट हो गए हैं।

तीसरा वनडे जीती भारतीय महिला टीम, जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

प्रतिका-शेफाली की दमदार पारी वैष्णवी ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से रौंदा। बीसीए स्टेडियम में जिम्बाब्वे से मिले 132 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 17 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

यास्तिका भाटिया पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल और प्रतिका रावल ने मिलकर 59 रन जोड़े। हरलीन 19 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका को शेफाली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिली। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 74 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को शानदार जीत दिलाई।



प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर रहीं नाबाद

प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, शेफाली वर्मा ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की धमाकेदार पारी खेली। शेफाली ने अपनी इस इनिंग में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। जिम्बाब्वे की तरफ से नोमवेलो सिबांडा और लोरिन फिरी ने एक-एक विकेट चटकाया।

जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने टेक घुटने

इससे पहले, जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 39.5 ओवर में 131 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। लोरिन फिरी बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और केवल 4 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। बिलव्ड बीजा को वैष्णवी शर्मा ने हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच आउट कराकर सिर्फ 1 रन पर आउट किया। **वैष्णवी ने 39 रन देकर चटकाए 5 विकेट :** भारत की ओर से गेंदबाजी में वैष्णवी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 वर्षीय स्पिनर ने 10 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए और जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुईं। क्रांति गौड़ ने 7 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं, सायली सतघरे ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

40 हजार फैंस की आने की उम्मीद

ईडन पार्क में चौथे टी20 में उमड़ेगा दर्शकों का सैलाब

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को ईडन पार्क में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को देखने के लिए लगभग 40 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो ऑकलैंड के इस मैदान के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी उपस्थिति होगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले तीन मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इन तीनों मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धुआंधार बल्लेबाजी का अद्भुत नमूना पेश किया, जिससे भारत ने 6 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने 199 रन का लक्ष्य महज 13.2 ओवरों में हासिल कर लिया।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला कल



रविवार को सेडन पार्क में श्रृंखला का अंतिम मैच

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, 'न्यूजीलैंड और भारत के बीच शुक्रवार को ऑकलैंड में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के सभी टिकट बिक गए हैं और इस मैच के लिए 40 हजार से अधिक दर्शकों के ईडन पार्क पहुंचने की संभावना है।' इससे पहले हैगली ओवल में खेले गए शुरुआती दो मैचों के भी सभी टिकट बिक गए थे। रविवार को सेडन पार्क में होने वाले श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच के भी सभी टिकट बिक चुके हैं।'

2019 में ईडन पार्क पहुंचे थे 36,523 दर्शक

ऑकलैंड में होने वाला मैच न्यूजीलैंड क्रिकेट के द्विपक्षीय श्रृंखला के मैचों में दर्शकों की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड बनाएगा। इससे पहले 2019 में भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों के बीच एक ही दिन खेले गए मैचों को देखने के लिए 36,523 दर्शक ईडन पार्क पहुंचे थे। किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए ईडन पार्क में इससे अधिक दर्शक केवल दो बार ही पहुंचे थे। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2015 के वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए 41,000 जबकि रिपोर्टों के अनुसार 1982 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वनडे मैच को देखने के लिए 42,000 दर्शक पहुंचे थे।

भूमि का गलत वर्गीकरण सुधारने में भी लापरवाही पर जताई नाराजगी
चार सप्ताह में अनुशासनात्मक कार्रवाई की रिपोर्ट तलब

वीडियो कांफ्रेंसिंग में अनुचित पहनावे पर हाई कोर्ट सख्त

अधिकारी से पूछा- आपराधिक अवमानना क्यों न चले

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान अनुचित पहनावे और आचरण पर कड़ी नाराजगी जताते हुए नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक अमित कुमार गजभिये को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने पूछा है कि उनके विरुद्ध आपराधिक अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। साथ ही राज्य शासन को संबंधित अधिकारी के विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई कर चार सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति दीपक खोत की एकलपीठ ने यह आदेश जीएसबी कंस्ट्रक्शन की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। आदेश के अनुसार, न्यायालय ने नौ अक्टूबर 2026 को संबंधित अधिकारी को अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। ऐसा नहीं होने पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया था। सुनवाई के दौरान अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिस्तर पर उपस्थित हुए। उस समय वह शर्ट के बटन बंद कर रहे थे और अंडरवियर पहने हुए थे। न्यायालय ने उनके इस आचरण को न्यायालय की गरिमा के प्रतिकूल और अवमाननापूर्ण माना।मामले में भूमि के उपयोग के वर्गीकरण में गलती सुधारने



का मुद्दा भी सामने आया। न्यायालय ने अनुपालन प्रतिवेदन का अवलोकन करने के बाद पाया कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार करते समय भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए आवेदन दिए जाने का उल्लेख किया गया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तीन अक्टूबर 2025 के पत्र की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिसके अनुसार भूमि के मानचित्र और प्रकृति में सुधार की अनुशंसा पहले ही भेजी जा चुकी थी। यह अनुशंसा संबंधित भूमि को औद्योगिक दर्ज किए जाने की त्रुटि सुधारने के लिए थी, जबकि मास्टर प्लान में उसे आवासीय क्षेत्र दर्शाया गया था। संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जबलपुर ने तीन अक्टूबर 2025 को यह अनुशंसा भोपाल स्थित संचालनालय में संयुक्त संचालक (आइटी) को भेजी थी। इसके बावजूद याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर पारित आदेश को न्यायालय ने महज औपचारिकता करार दिया। राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने बताया कि याचिकाकर्ता एएलपीएएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद न्यायालय ने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी सात दिन के भीतर आवेदन अपलोड कराने और उसे स्वीकार कराने में सहायता सुनिश्चित करें। आवेदन अपलोड होने की तारीख से चार सप्ताह के भीतर उस पर निर्णय भी लिया जाए। कोर्ट ने राज्य की ओर से उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए चार सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। अधिकारी को इसी अवधि में कारण बताओ नोटिस का जवाब भी प्रस्तुत करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर 2026 को निर्धारित की गई है।

लार्डगंज पुलिस ने 5 आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला

रानीताल फ्लाईओवर के पास चाकू से हमला कर फायरिंग, 6 हजार लूटे

जबलपुर। रानीताल फ्लाईओवर के पास मंगलवार रात शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर बदमाशों ने दो सगे भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने बचकर भागने की कोशिश की तो बदमाशों ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। वारदात के बाद आरोपियों ने दोनों भाइयों से कुल छह हजार रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अन्ना मोहल्ला निवासी मोहम्मद अथर अंसारी मंगलवार रात अपने छोटे भाई मोहम्मद अली हुसैन के साथ मंडी में चाय पीने गया था। दोनों एक्सिस वाहन से घर लौट रहे थे। रात करीब 11:30 बजे रानीताल फ्लाईओवर के पास दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने उन्हें रोक लिया।

पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने चाकू दिखाकर शराब पीने के लिए दो हजार रुपये मांगे। दोनों भाइयों ने रुपये देने से इनकार किया और वहां से निकलने का प्रयास किया। इसी दौरान एक आरोपी ने अथर पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद दोनों ने वहां से भागने की कोशिश की, तो आरोप है कि दूसरे आरोपी ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली लगने से अली हुसैन जमीन पर गिर पड़ा। आरोपियों ने अथर के पास रखे चार हजार रुपये और उसके छोटे भाई के पास मौजूद दो



हजार रुपये छीन लिए और फ्लाईओवर की ओर भाग निकले। घटना के बाद राहगीरों ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। अथर के पैर में चाकू लगा है, जबकि अली हुसैन की हालत गंभीर बताई गई है।

लार्डगंज थाना पुलिस के एएसआई मनोज गोस्वामी के अनुसार, घायलों की शिकायत पर पांच आरोपियों साहू मोहल्ला निवासी सत्या सिंह राजपूत, सत्यम साहू और वीरू समेत दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

एफआईआर खारिज करने और अग्रिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई पूरी

फरार सीएसपी नेहा पच्चीसिया की याचिका पर फैसला सुरक्षित

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने कटनी से फरार चल रहीं पूर्व सीएसपी नेहा पच्चीसिया की याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस राजकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने एफआईआर निरस्त करने और अग्रिम जमानत की मांग पर दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह पूरा मामला कटनी के कुठला थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के एक प्रकरण से जुड़ा है। आरोप है कि निर्धारित समय-सीमा में चालान पेश न होने के कारण हत्या के आरोपी को डिफॉल्ट जमानत मिल गई थी। इसके एवज में संबंधित आरोपियों की जमीन कम कीमत पर एक एजेंट के नाम पर खरीदे जाने का गंभीर आरोप है। इस मामले में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत सीएसपी नेहा पच्चीसिया समेत तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया गया था, जिनकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। हालांकि, सुनवाई के दौरान सीएसपी नेहा पच्चीसिया ने जमीन के इस सौदे में अपनी किसी भी तरह की संलिप्तता या भूमिका से पूरी तरह इनकार किया है। अदालत अब इस मामले में अपना अंतिम फैसला सुनाएगी।

मैहर के किसान को अंतरिम राहत, पड़ोसी की शिकायत पर प्रशासन ने जारी किया था नोटिस

पीएम आवास का मकान ढहाने के नोटिस पर हाईकोर्ट की रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मैहर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने किसान के मकान को ढहाने के नोटिस पर रोक लगा दी है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह अंतरिम राहत दी। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। मामला मैहर जिले के ग्राम हरनामपुर निवासी किसान शनि दयाल से संबंधित है। उन्होंने याचिका दायर कर मकान गिराने के लिए जारी प्रशासनिक नोटिस को चुनौती दी है। याचिका के अनुसार, वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए उन्हें भूमि आवंटित की गई थी। यह भूखंड खसरा नंबर 27 पर स्थित है। याचिकाकर्ता के पड़ोस में रहने वाली गीता पांडेय ने आरोप लगाया था कि मकान निर्माण से उनके आने-जाने के रास्ते पर अतिक्रमण हुआ है। इसी शिकायत के आधार पर प्रशासन ने मकान गिराने का नोटिस जारी किया। किसान का आरोप है कि मौके की वास्तविक स्थिति की उचित जांच किए बिना कार्रवाई प्रस्तावित की गई।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित मिश्रा ने कोर्ट में पक्ष रखा और मकान को ढहाए जाने से संरक्षण देने की मांग की। प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने मकान गिराने संबंधी नोटिस पर रोक लगा दी।

हाईकोर्ट का आदेश, वरिष्ठ प्राध्यापकों को दो अन्य कालेजों का विकल्प, वर्तमान

पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस में ओपन काउंसलिंग से होगी प्राचार्यों की पदस्थापना

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में प्रभारी प्राचार्यों की पदस्थापना और वरिष्ठता विवाद पर संबंधित प्राध्यापकों के लिए कामन ओपन काउंसलिंग आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन की रिट अपीलों का निराकरण करते हुए पदस्थापना के लिए वैकल्पिक व्यवस्था निर्धारित की है। विवाद पांच अगस्त 2024 को जारी शासन की नीति के तहत प्राचार्यों की पदस्थापना में कनिष्ठ प्राध्यापकों को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने से जुड़ा है। इस मामले में प्रोफेसर डा. यशवंत कुमार मिश्रा ने डा. वस्तोष्पति शास्त्री की प्रभारी प्राचार्य के रूप में नियुक्ति को चुनौती दी थी। संबंधित महाविद्यालय रतलाम स्थित शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय है। चार सितंबर 2025 को एकलपीठ ने अधिक विकल्प देने अथवा कामन काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए थे। इसके विरुद्ध राज्य शासन सहित संबंधित पक्षों ने रिट अपीलें दायर कीं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि प्राचार्य अथवा प्रभारी प्राचार्य बनने के इच्छुक संबंधित प्राध्यापकों के लिए ओपन काउंसलिंग होगी। पसंद का महाविद्यालय नहीं मिलने पर वे दो अन्य शासकीय महाविद्यालयों का विकल्प दे सकेंगे अथवा अपने वर्तमान महाविद्यालय में बने रह सकते हैं। हालांकि, वर्तमान महाविद्यालय में बने रहने की स्थिति में उन्हें संबंधित पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस में अपने कनिष्ठ के प्रभारी प्राचार्य होने पर आपत्ति नहीं होगी। नियमित शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ किए जाने पर संबंधित प्राध्यापक की वरिष्ठता के आधार पर प्रभारी प्राचार्य पद के लिए विचार किया जाएगा।

पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन के 9-9 फेरे, जबलपुर सहित कई स्टेशनों पर ठहराव




जबलपुर। त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे पुणे-दानापुर-हड़पसर स्पेशल ट्रेन का संचालन 1 से 15 नवंबर 2026 तक करेगा। गाड़ी संख्या 01441 और 01442 कुल 9-9 ट्रिप चलेंगी। पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव रहेगा। गाड़ी संख्या 01441 पुणे-दानापुर स्पेशल 1 से 13 नवंबर तक निर्धारित दिनों में पुणे से रात 7:40 बजे रवाना होगी। यह अगले दिन इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर और सतना होते हुए तीसरे दिन सुबह 7 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01442 दानापुर-हड़पसर स्पेशल 3 से 15 नवंबर तक निर्धारित दिनों में दानापुर से सुबह 8:30 बजे रवाना होगी। ट्रेन सतना, मैहर, कटनी, मदनमहल, नरसिंहपुर, पिपरिया और इटारसी होते हुए अगले दिन हड़पसर पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 18 कोच रहेंगे, जिनमें 6 शयनयान, 10 सामान्य श्रेणी और 2 एसएलआरडी कोच शामिल हैं।



हाईकोर्ट में जमानत अर्जियों के निराकरण के लिए सात विशेष पीठ गठित

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में लंबित जमानत अर्जियों के निराकरण में तेजी लाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। संशोधित रोस्टर के तहत सात वरिष्ठ न्यायाधीशों की विशेष सिंगल बेंचें 29 अक्टूबर से छह नवंबर तक नियमित न्यायिक कार्यवाही के बाद दोपहर 2:30 बजे से जमानत अर्जियों की सुनवाई करेंगी। लंबित अर्जियों की संख्या करीब तीन हजार बताई गई है। इस व्यवस्था में जस्टिस विवेक रूसिया, जस्टिस आनंद पाठक, जस्टिस विवेक अग्रवाल, जस्टिस विशाल मिश्रा, जस्टिस दीपक खोट, जस्टिस रामकुमार चौबे और जस्टिस बीपी शर्मा शामिल हैं। वहीं, जस्टिस प्रदीप मित्तल की सिंगल बेंच पुरानी विविध अपीलों की सुनवाई करेगी। जमानत अर्जियों की लंबित संख्या और सुनवाई में देरी का मुद्दा मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे और रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष उठाया था। बार के पदाधिकारियों ने लंबित मामलों के कारण वकीलों और पक्षकारों को हो रही परेशानी से अवगत कराया था। इसके बाद रोस्टर में बदलाव किया गया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240